शुक्रवार
29 सितंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




राज्य सभा सांसद मनोज झा के बयान पर बिहार में मचा बवाल 2


प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


# यूपी में संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान की प्रतिदिन होगी निगरानी

- 3 से 31 अक्टूबर तक प्रदेश में चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान
- 16 से 31 अक्टूबर के बीच सभी निकायों में चलेगा दस्तक अभियान
- अभियान में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर होगी कठोर कार्रवाई

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

संचारी रोगों के खिलाफ योगी सरकार की मुहिम अक्टूबर माह में भी जारी रहेगी। 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रदेश भर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान (16 से 31 अक्टूबर) के तहत विशेष सतर्कता बरती जाएगी। खास बात ये है कि इस पूरे अभियान की प्रतिदिन निगरानी और रिपोर्टिंग होगी तथा शिथिलता या लापरवाही बरतने वाले उत्तरदायी कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई



भी की जाएगी। इस संबंध में नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक द्वारा समस्त नगर आयुक्त एवं जल संस्थान व जलकल विभाग के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर सूचित किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम के लिए योगी सरकार ने कई विभागों के समन्वय से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान संचालित कर रही है। इसमें न सिर्फ संचारी रोगों को फैलने से रोकने की कार्यवाही की जा रही है, बल्कि पीड़ित रोगियों के इलाज की भी समुचित व्यवस्था की गई है।

## तय माइक्रोप्लान के अनुसार प्रतिदिन हो संचालन

नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि प्रदेश में 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के मध्य विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान का प्रभावी संचालन किया जाना है। ऐसे में नगर विकास से संबंधित उल्लेखित बिंदुओं पर प्रभावी व समयबद्ध कार्यवाही कराते हुए निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान के दौरान प्रतिदिन गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित हो। साथ ही प्रतिदिन संपन्न गतिविधियों की सूचना निदेशालय के गूगल लिंक पर अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाएं। पत्र में उन्होंने ये भी निर्देश दिए हैं कि इस महत्वपूर्ण अभियान में शिथिलता व लापरवाही बरतने वाले उत्तरदायी कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

## अंतर्विभागीय समन्वय से आगे बढ़ रहा अभियान

प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रभावी संचालन के लिए योगी सरकार ने विशेष रणनीति बनाई है। कई विभागों के बीच समन्वय से इस अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। इन विभागों में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम, शहरी विकास, कृषि विभाग, पशु पालन विभाग, दिव्यांग कल्याण, स्वच्छ भारत मिशन, सूचना विभाग, संस्कृति विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं, यूनिसेफ, पाथ, डब्ल्यूएचओ एनपीएसपी, टाटा ट्रस्ट, प्लान इंडिया और गोदरेज सीएसआर न सिर्फ बतौर पार्टनर इस अभियान से जुड़े हैं, बल्कि वो नियमित इसकी निगरानी भी कर रहे हैं।

## सघन मच्छर नियंत्रण गतिविधियों पर होगा फोकस

अभियान को अंतर्विभागीय गतिविधियों के तहत जिस माइक्रोप्लान के तहत संचालित किया जा रहा है, उसमें मच्छरों के प्रजनन एवं घनत्व की स्थिति की सतत निगरानी, विगत वर्ष के आंकड़ों के आधार पर निर्धारित हाई रिस्क एरिया तथा संचारी रोग अभियान में पाई गई अधिक मच्छर घनत्व वाले क्षेत्रों में सघन मच्छर नियंत्रण गतिविधियों का संचालन हो रहा है। घरों के अंदर मच्छरों के प्रजनन अनुकूल स्थितियों की जांच करना भी शामिल है, जिसके लिए आशा व आंगनबाड़ी और ब्रीडिंग चेकिंग के लिए अन्य कर्मचारियों को लगाया गया है। मच्छरों के प्रजनन पर रोक तथा मच्छरों के काटने से बचाव के उपायों पर आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा जानकारी दी जाएगी। नगर इसके अलावा लेप्टोस्पाइरोसिस तथा स्क्रब टायफस के रोगियों की निगरानी व इलाज के लिए भी गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

# हरित क्रांति के जनक कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का चेन्नई में निधन

**एजेंसी/चेन्नई**



भारत के महान कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन का गुरुवार को निधन हो गया। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में सुबह 11.20 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। स्वामीनाथन जन्म 7 अगस्त, 1925 को हुआ था। कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथ ने 98 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। उन्हें भारत में हरित क्रांति के जनक के तौर पर जाना जाता है। जानकारी के मुताबिक लंबी उम्र की वजह से आने वाली दिक्कतों के चलते उनका निधन हुआ। स्वामीनाथन डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के वैज्ञानिक थे। उन्होंने 1972 से लेकर 1979 तक इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के अध्यक्ष के तौर पर भी काम किया। कृषि क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण से नवाजा था। स्वामीनाथन की गिनती भारत के महान कृषि वैज्ञानिकों के तौर पर होती है, जिन्होंने धान की ऐसी किस्म को तैयार किया, जिसने भारत के कम आय वाले किसानों को ज्यादा धान पैदा करने के काबिल बनाया। स्वामीनाथन के निधन पर दुख जताते हुए पीएम ने कहा कि उन्होंने हमेशा देश के लिए काम किया।

### गायब हुए दो छात्रों की हत्या के बाद भड़का गुस्सा, कई जगह आगजनी

# मणिपुर में फिर हिंसा, जवानों ने उपद्रवियों पर छोड़े आंसू गैस

- इंफाल में बीजेपी की अध्यक्ष शारदा देवी के घर पर हमला, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का जलाया पुतला

**एजेंसी/इंफाल**

मणिपुर में जुलाई में गायब हुए दो छात्रों की हत्या के बाद इंफाल घाटी में एक बार फिर हिंसा की आग सुलग गई है। गुरुवार को इंफाल पश्चिमी डीसी के दफ्तर में प्रदर्शनकारियों ने जमकर उपद्रव किया और दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया। आधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों के मुताबिक, बीती रात को प्रदर्शनकारी उरीपोक, याइस्कुल, सागोलबंद और तेरा इलाकों में सुरक्षाकर्मियों से भिड़ गए। जिसके बाद उपद्रवियों को काबू करने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागने पड़े। अधिकारियों ने आगे बताया कि प्रदर्शनकारी सुरक्षा बलों के आवासीय इलाके में पहुंच गए और आगजनी करने लगे। हालांकि सीआरपीएफ के जवानों ने प्रदर्शनकारियों को काबू पा लिया। इससे पहले बुधवार को प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी दफ्तर को आग के हवाले कर दिया। राजधानी इंफाल में बीजेपी की अध्यक्ष शारदा देवी के घर पर हमला किया और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का पुतला जलाया गया। हालांकि एहतियात के तौर पर राज्य में सुरक्षाबलों की तैनाती और बढ़ा दी गई है। साथ ही केंद्र सरकार ने मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में अफस्पा कानून को 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है।

**इंटरनेट सेवा बंद:** बीते 3 मई से मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक प्रदर्शन शुरू हुआ था। जिसके बाद प्रशासन ने इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा दिया था। 23 सितंबर को घाटी में एक बार फिर इंटरनेट सेवा बहाल की गई, जिसके बाद जुलाई में गायब हुए दो छात्रों की हत्या की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगीं। गायब हुए दोनों छात्रों का संबंध मैतेई समुदाय से है। इसमें से एक 17 वर्षीय हिजाम लिनथोइंगंबी और दूसरा 20 साल के फिजाम हेमजीत का शव है। जिसके बाद एक फिर हिंसा की आग भड़क गई। राज्य शांति व्यवस्था को कायम करने और गलत सूचना का प्रसार को रोकने के लिए पांच दिनों के लिए एक बार फिर इंटरनेट सर्विस सस्पेंड कर दी गई है। रविवार 1 अक्टूबर की शाम 7 बजकर 45 मिनट तक राज्य में इंटरनेट बैन रहेगा।



## क्या है अफस्पा कानून

45 साल पहले भारतीय संसद ने अफस्पा यानी आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट 1958 को लागू किया, जो एक फौजी कानून है, जिसे डिस्टर्ब क्षेत्रों में लागू किया जाता है, यह कानून सुरक्षा बलों और सेना को कुछ विशेष अधिकार देता है। जहां अफस्पा लागू होता है, वहां सशस्त्र बलों के अधिकारी को जबरदस्त शक्तियां दी जाती हैं। इसके तहत चेतावनी के बाद, यदि कोई व्यक्ति कानून तोड़ता है, अशांति फैलाता है, तो उस पर मृत्यु तक बल का प्रयोग कर किया जा सकता है। किसी आश्रय स्थल या ढांचे को तबाह किया जा सकता है जहां से हथियार बंद हमले का अंदेशा हो। किसी भी असंदिग्ध व्यक्ति को बिना किसी वारंट गिरफ्तार किया जा सकता है। गिरफ्तारी के दौरान उनके द्वारा किसी भी तरह की शक्ति का इस्तेमाल किया जा सकता है।

## मणिपुर भेजे गए आईपीएस राकेश

केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राकेश बलवाल का मणिपुर तबादला कर दिया है। राकेश बलवाल श्रीनगर में एसएसपी के पद पर तैनात थे, जिन्हें हिंसा भड़कने के बाद मणिपुर भेजा गया है। 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी का मूल कैडर मणिपुर ही है और फिलहाल वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में एसएसपी के पद पर तैनात थे। राकेश बलवाल को साल 2021 के अंत में श्रीनगर में कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी थी। श्रीनगर में तैनाती से पहले राकेश बलवाल एनआईए में भी साढ़े तीन साल तक प्रतिनियुक्ति पर थे। आईपीएस राकेश बलवाल पुलवामा हमले की जांच करने वाली टीम का भी हिस्सा थे, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे।

## पीएम मोदी ने शहीद भगत सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगत सिंह की जयंती पर गुरुवार को उनको श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा, शहीद भगत सिंह हमेशा न्याय और स्वतंत्रता के लिए भारत की अनवरत लड़ाई का प्रतीक रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर कहा, शहीद भगत सिंह का उनकी जयंती पर स्मरण कर रहा हूं। भारत की आजादी के लिए उनका बलिदान और अटूट समर्पण पीढ़ियों तक प्रेरित करता रहेगा। साहस की प्रतिमूर्ति के रूप में वह हमेशा न्याय और स्वतंत्रता के लिए भारत की अनवरत लड़ाई का प्रतीक रहेंगे।

ब्रिटिश शासन से भारत को आजाद करवाने के लिए अपने प्राणों का हंसते हंसते बलिदान देने वाले शहीद-ए-आजम भगत सिंह ने जहां एक ओर अपनी देशभक्ति से विदेशी हुकूमत को घुटने पर लाने का काम किया, वहीं दूसरी ओर अपने विचारों से स्वतंत्रता के संघर्ष में अलग-अलग बंटे भारत को एक करने का काम किया। उनके विचारों से पूरे भारत में स्वाधीनता की लहर और तेज हो गयी। उनके जीने के तरीके और विचारों से आज भी हर भारतीय प्रेरणा लेता है। देश के नौजवानों को उनका व्यक्तित्व हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

# बांका में तीन बच्चियों की तालाब में डूबने से मौत

- बांका के बाराहाट थाना क्षेत्र के बभनगामा गांव की घटना
- दोपहर में नहाने के दौरान हुआ हादसा, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**केटी न्यूज/पटना**


बांका जिले के बाराहाट थाना क्षेत्र के बभनगामा गांव में गुरुवार की दोपहर तीन मासूम बच्चियों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों मासूम बच्चियां स्नान करने के लिए तालाब गई हुई थीं और गहरे पानी में चले जाने से डूब गईं। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम छा गया है।

जानकारी के अनुसार बभनगामा ग्राम निवासी वकील मंडल की 7 वर्षीय पुत्री डोली कुमारी, 8 वर्षीय किरण कुमारी और संजय मंडल की 9 वर्षीय पुत्री बेबी कुमारी तीनों दोपहर करीब एक बजे तालाब में नहाने के लिए गई हुई थी। इस दौरान यह घटना हुई। तालाब के घाट पर बच्चियों के कपड़े देख ग्रामीणों को आशंका हुई तो उन्होंने पानी में देखा तो सन्न रह गए। उन्होंने घटना की सूचना बच्चियों के परिजनों को दी। इसके बाद घटनास्थल पर परिजन सहित काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों बच्चियों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक तीनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी। जानकारी के अनुसार एक बच्ची गहरे पानी में चली गई थी। उसे बचाने के क्रम में ही दो अन्य बच्चियां डूब गईं।



## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन करते हुए तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांका सदर अस्पताल भेजा। वहीं, इस मामले के संबंध में बाराहाट के थानाध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया है कि मृतक के परिजनों के बयान पर यूडी केस दर्ज किया जाएगा।



### स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 100% ओडीएफ प्लस कवरेज हासिल कर पेश की स्वच्छता की मिसाल

# उप्र के 100% गांवों को मिला ओडीएफ प्लस का दर्जा

- 95,767 गांवों ने ठोस/तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों के साथ खुद को ओडीएफ+ घोषित किया
- पिछले 9 माह में 80000 से अधिक गांवों ने हासिल किया ओडीएफ+ दर्जा

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उप्र की योगी सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण के तहत सभी 95,767 यानी 100% गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल किया है। ओडीएफ प्लस गांव वह हैं जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बरकरार रखा है। आज तक, देश भर में 4.4 लाख (75%) गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है, जो 2024-25 तक एसबीएम-जी चरण 2 के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



उत्तर प्रदेश ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में तेजी से प्रगति की है। 1 जनवरी 2023 तक, राज्य में केवल 15,088 गांव थे जिन्हें ओडीएफ प्लस घोषित किया गया था। वहीं पिछले 9 महीनों में 80,000 से अधिक गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल किया और इस त्वरित गति के परिणामस्वरूप ओडीएफ प्लस की समयबद्ध उपलब्धि हासिल हुई। प्रदेश के 95,767 ओडीएफ प्लस गांवों में से 81,744 गांव ओडीएफ प्लस आकांक्षी गांव हैं, जहां ठोस अपशिष्ट प्रबंधन या तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था है। 10,217 गांव ओडीएफ प्लस राइजिंग गांव हैं जिनमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन दोनों की व्यवस्था है और 3,806 गांव ओडीएफ प्लस मॉडल गांव हैं।

## स्वच्छता ही सेवा से जुड़े 88 लाख लोग

100% की यह उपलब्धि पूरे देश में संचालित हो रहे स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) 2023 अभियान के दौरान हासिल की गई है। एसएचएस प्रतिवर्ष स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाता है। इस वर्ष, अब तक, लगभग 88 लाख लोगों ने इसमें हिस्सा लेकर श्रमदान किया है, जिससे ओडीएफ प्लस स्थिति की उपलब्धि में तेजी आई है।

**ग्राम पंचायतों और सफाई कर्मियों का सम्मान:** ओडीएफ प्लस उपलब्धि का जश्न उन ग्राम पंचायतों के सम्मान के साथ मनाया गया जिन्होंने अनुकरणीय कार्य किया और अपनी ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस मॉडल घोषित किया। पूरे राज्य में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक और सफाई कर्मियों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में और योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। पुरस्कार विजेताओं में ग्राम पंचायत को एक मॉडल के रूप में बनाने में उनके योगदान के लिए 60 सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतें शामिल हैं। साथ ही 75 सफाई कर्मियों (प्रत्येक 75 जिलों में से एक) को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

**जागरूकता के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदम:** इन ग्राम पंचायतों में जागरूकता के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। जैसे ठोस अपशिष्ट, तरल अपशिष्ट, आरआरसी और मॉडल गांव के लाइव मॉडल के प्रदर्शन से सीखा गया और उसे लागू किया गया। साथ ही विभिन्न मनोरंजन के साधन जैसे कचरा मुक्त थीम पर जादू शो, कठपुतली शो सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। ओडीएफ प्लस मॉडल गांव वह हैं जो न सिर्फ अपनी ओडीएफ स्थिति को बरकरार रखे हुए हैं बल्कि इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और तरल अपशिष्ट प्रबंधन दोनों की व्यवस्था है। साथ ही इन गांवों में अधिकतम स्वच्छता और न्यूनतम कूड़ा, न्यूनतम स्थिर अपशिष्ट जल दिखाई देता है।

# नीतीश कुमार से मिलने सीएम आवास पहुंचे लालू प्रसाद यादव



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आरजेडी सुप्रीमो से मिलने के लिए बार-बार दस सर्कुलर रोड जा रहे हैं। गुरुवार की सुबह खुद लालू यादव सीएम आवास पहुंच गए. आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने नीतीश कुमार से मिलकर बातचीत की। करीब 30 मिनट तक लालू यादव ने सीएम से बैठकर बात की है। बार-बार नीतीश कुमार राबड़ी आवास पहुंचे रहे थे। अब लालू खुद मिलने पहुंच गए। ऐसे में अटकलों का बाजार भी गर्म है कि कहीं कुछ बड़ा तो नहीं होने वाला है? आपको बता दें कि राबड़ी आवास पर लालू यादव से मिलने के लिए बार-बार नीतीश कुमार जा रहे हैं। बीते सोमवार को भी राबड़ी आवास पर लालू यादव और नीतीश कुमार की मुलाकात हुई थी। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को गाड़ी में साथ लेकर राबड़ी आवास नीतीश कुमार पहुंचे थे। कहा जा रहा है कि इस दौरान राबड़ी आवास पर नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता, लोकसभा चुनाव 2024 और 'इंडिया' गठबंधन का दायरा बढ़ाने के संबंध में लालू यादव से बातचीत हुई थी।

## आरजेडी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिख मनोज झा को वाई श्रेणी की सुरक्षा देने की मांग की

# सांसद मनोज झा के बयान पर बिहार में मचा बवाल

- संसद में ठाकुरों पर दिए गए बयान के बाद से सुर्खियों में हैं मनोज झा
- आरजेडी के अनुसार कई पार्टियों के नेता अब तक दे चुके हैं धमकी
- बीजेपी के विधायक और जेडीयू के एमएलसी भी कर चुके हैं विरोध

**केटी न्यूज/पटना**

राज्यसभा सांसद मनोज झा द्वारा सदन में एक बयान को लेकर घमासान मच गया है। इसको लेकर आरजेडी की तरफ से मनोज झा के लिए वाई श्रेणी की सुरक्षा देने की मांग की गई है। आरजेडी के प्रवक्ता ऋषि मिश्रा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस संबंध में चिट्ठी लिखी है। वहीं, आरजेडी के अनुसार कई पार्टियों के नेता अब तक धमकी दे चुके हैं। इसी के मद्देनजर आरजेडी ने मनोज झा को वाई श्रेणी की सुरक्षा देने की मांग की है. बता दें कि ठाकुरों पर दिए गए बयान के बाद से मनोज झा सुर्खियों में हैं। मनोज झा के बयान पर जमकर विवाद हो रहा है।



**मनोज झा ने ठाकुर के कुएं कविता के जरिए साधा था निशानाः** बता दें कि आरजेडी के राज्यसभा सांसद और प्रवक्ता मनोज झा ने संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पर अपनी बात रखते हुए ओमप्रकाश वाल्मीकि की एक कविता पढ़ी थी, जिसमे 'ठाकुर के कुएं ' के जरिए निशाना साधा था। इसको लेकर मनोज झा निशाने पर आ गए हैं। पूर्व सांसद आनंद मोहन के पुत्र और आरजेडी विधायक चेतन आनंद ने अपनी ही पार्टी के सांसद मनोज झा को लेकर खरी-खरी सुना दी।

### ठाकुरों पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नही करेंगे: चेतन

आरजेडी के विधायक चेतन आनंद ने सोशल मीडिया ट्वीटर पर चेतावनी देते हुए लिखा कि हम 'ठाकुर हैं! सबको साथ लेकर चलते हैं! समाजवाद में किसी एक जाति को टार्गेट करना समाजवाद के नाम पर दोगलापन के अलावा कुछ नहीं, जब हम दूसरों के बारे में गलत नही सुन सकते तो अपने (ठाकुरों) पर अभद्र टिप्पणी बिल्कुल नही बर्दाश्त करेंगे. वही, बीजेपी के विधायक नीरज कुमार बबलू और जेडीयू के एमएलसी संजय सिंह ने भी संसद मनोज झा के विचारों का पुरजोर विरोध किया. मनोज झा के बयान पर अभी बिहार में बवाल मचा हुआ है. इतना कुछ होने पर भी राजद अपने स्टैंड पर कायम है। राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने साफ कहा है कि राजद सामंतवादी व्यवस्था के खिलाफ है। वह मनोज झा के साथ है। अगर किसी को लगता है कि ठाकुर टाइटल पर उनका एकाधिकार है तो ऐसे अज्ञानी लोग किताब पढ़ें। कपूरी भी ठाकुर थे और देवेश चंद्र भी हैं।

### राजनीति में यह व्यक्ति लफुआ की तरह लगता है: राघवेंद्र

भोजपुर जिले के बड़हरा विधानसभा से बीजेपी के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मनोज झा को लेकर गुरुवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि झा से हम एक ही बात कहना चाहते हैं कि आपने जो टिप्पणी की है आप पंडित जी हैं और आज ये युग में पंडित जी प्रणाम करने वाले केवल राजपूत ही है। इसको आप भूल गए हैं। एक बात आप और भूल गए। राजपूत वो भी है आपका सेकेंड नहीं लगेगा। आपका गर्दन उतार कर आपके हाथ पर रख देंगे। पुरानी कहानी याद मत दिलवाइए इसलिए आपने जो कहा है उसको वापस लीजिए। क्षत्रियों से माफी मांगिए, अगर नहीं तो भविष्य में क्षत्रियों के आक्रोश को सामना करने के लिए आप तैयार रहिए। विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमको लगता है कि राजनीति में यह व्यक्ति कहीं न कहीं एक लफुआ की तरह लगता है। ठाकुरों के बारे में जो टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि लालू कभी गलत चीज नहीं सिखाते हैं। उनकी राजनीति उनकी जगह पर है। अंत में राघवेंद्र सिंह ने कहा कि यह बात याद रखिएगा मनोज झा, एक बात हम आपको चेता देते है राजपूतों पर जब गर्मी चढ़ जाती है न तो 80 वर्ष की उम्र में अपना बांह काटकर गंगा जी में फेंक देते हैं उस खानदान के हैं।

**मनोज झा को लालू यादव का मौन समर्थन प्राप्त: चिराग पासवान:** बलिया में गुरुवार को लोजपा प्रमुख चिराग पासवान ने लालू प्रसाद यादव की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मनोज झा को लालू यादव का मौन समर्थन प्राप्त है। चिराग पासवान कहा कि राजद की सोच ही समाज को बांटने वाली है। लोजपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में कई राजनीतिक दल एक-दूसरे के खून के प्यासे हैं। उन्होंने पिछड़े वर्ग की महिलाओं को विशेष आरक्षण दिए जाने की वकालत की।

**सिर्फ इंसानियत होता है: तेज प्रताप**

इस बीच वन एवं पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव ने कहा कि हम और किसी ठाकुर को नहीं जानते हैं। धर्म और जाति कुछ नहीं होता है। सिर्फ एक होता है वह इंसानियत।

# नवादा में तेज रफ्तार ट्रक ने चार को रौंदा, तीन की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के नवादा में भीषण हादसा हुआ जब तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। एक शख्स गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र की कृषि फार्म के पास की है। बताया जा रहा कि अनियंत्रित ट्रक ने उस समय इन्हें चपेट में लिया जब वो कहीं जा रहे थे। आरोपी ड्राइवर हादसे के बाद गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। उधर घटना को लेकर लोगों में गुस्सा नजर आया। उन्होंने रोड जाम कर प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन ने स्थिति को संभालने की कोशिश की। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बीडीओ और नगर थाना की पुलिस पहुंची।



इस दौरान आक्रोशित लोगों ने नवादा-गया रोड को जाम कर रखा था। किसी तरह से अधिकारियों ने उन्हें समझाने और रास्ता क्लीयर कराने की कोशिश की। घटना नगर थाना के सोभिया कृषि फॉर्म के पास हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। ट्रक की चपेट में आने से जिन लोगों की मौत हुई उनकी पहचान हो गई है।

**एक ही गांव के तीन युवाओं की मौत से हड़कंपः** मृतकों में भदौनी के बेलदरिया गांव के निवासी श्रीराम चौहान के 26 वर्षीय पुत्र समीर कुमार हैं। श्रीकांत चौहान के 15 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार, श्रीराम बाबू के 17 वर्षीय पुत्र प्रह्लाद कुमार की भी जान हादसे में गई। एक ही गांव के तीन लोगों की मौत ने पूरे गांव में कोहराम मचा दिया है। मृतक के परिजनों करीब एक घंटे तक सड़क को जाम किया। हालांकि, घटनास्थल पर पहुंचे पदाधिकारियों ने समझा-बुझकर जाम को हटवाया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजनी कुमार नगर थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह घटनास्थल पर पुलिस पदाधिकारी के साथ पहुंचे थे। हादसे में मृत समीर कुमार अपने मां-बाप का इकलौता बेटे थे। समीर के दो बेटा और दो बेटी भी है। मौत ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है। बताया जाता है कि आकाश कुमार घर के इकलौते पुत्र हैं। उनकी तीन बहन हैं। वहीं आकाश कुमार पहले दिन ही मजदूरी करने के लिए अपने घर से निकला था। मृतक प्रह्लाद कुमार की मौत ने परिवार को तोड़ कर रख दिया। एक महीना पहले ही प्रह्लाद के बड़े भाई की कैंसर से मौत हुई थी।

### बेगूसराय में आरजेडी कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय।** बेगूसराय में आरजेडी कार्यकर्ता अनिरुद्ध चौधरी की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बुधवार देर रात सोए अवस्था में बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। घटना बलिया दियारा क्षेत्र के मधुसूदनपुर गांव की है। गुरुवार की सुबह जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। अनिरुद्ध चौधरी आरजेडी के सक्रिय कार्यकर्ता थे। प्रखंड स्तरीय नवगठित कमेटी के पदेन सदस्य थे। बताया जाता है कि अनिरुद्ध चौधरी हर दिन की तरह बुधवार की रात को अपने घर खाना खाकर सोने के लिए डेरा चले गए थे। घर से कुछ दूरी पर ही डेरा है। हत्या की खबर गुरुवार की सुबह मिली जब अनिरुद्ध चौधरी डेरा से घर नहीं पहुंचे।

# नीतीश कुमार सात जन्म में भी बीजेपी की तरफ देखने वाले नहीं: ललन सिंह

**केटी न्यूज/पटना**

सियासी गलियारों में चर्चा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बीजेपी के साथ फिर से जा सकते हैं अलग-अलग नेताओं का बयान भी आ रहा है। इन सबके बीच गुरुवार को जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह खूब बोले. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार सात जन्म में भी बीजेपी की तरफ देखने वाले नहीं हैं। बीजेपी ऐसी पार्टी है जिसकी तरफ देखकर कोई थूकना भी नहीं चाहेगा। ललन सिंह ने राज्यसभा सांसद मनोज झा का भी बचाव किया। कहा कि उनके बयान को गलत ढंग से पेश किया जा रहा है। ललन सिंह ने कहा कि मनोज झा ने राज्यसभा में प्रोसीडिंग के दौरान जो कहा और उस पर अभी जो विवाद हो रहा है, यह तो उनका बयान है भी नहीं। यह उनका वक्तव्य भी नहीं है ना उनकी राय है। वह तो भाषण के दौरान एक कविता पढ़े। उन्होंने यह भी कहा है कि मान लीजिए कि मैं ठाकुर हूं तो उनका बयान किसी ठाकुर समाज के लिए नहीं है। ललन सिंह ने कहा कि मनोज झा के बोलने के सात दिन बाद अब चर्चा उठ रही है।

जेडीयू सांसद ललन सिंह ने कहा कि बीजेपी का काम भ्रम फैलाना है। भारतीय जनता पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं है. जो भी वादा किया वह पूरा नहीं किया। कल एक समर्थक रणवीर नंदन को हमने पार्टी से निकला। रणवीर नंदन लगातार खिलाफ में बयान दे रहे थे। वह कह रहे थे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोनों विकास के प्रतीक हैं। उनसे कोई सलाह लेने गया था क्या?

वहीं दूसरी ओर ललन सिंह ने लालू और नीतीश की बार-बार हो रही मुलाकात पर कहा कि इसमें क्या दिक्कत है? दोनों महागठबंधन के बड़े स्तंभ हैं। अगर वह दोनों मिल रहे हैं तो क्या परेशानी है? मीडिया में जिस तरह से प्रचार किया जा रहा है कि नीतीश कुमार बीजेपी के साथ जाने वाले हैं तो इसको काटने के लिए यह संकेत दिया जा रहा है। यह तो अच्छी बात है।



# विराट कुश्ती प्रतियोगिता में महिला व पुरूष पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

♦ कोपवां में समाजसेवी स्व शिवकुमार सिंह, पहलवान स्व रामदरश सिंह और स्व सच्चिदानंद सिंह की पुण्यस्मृति में आयोजित दंगल

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अनंत चतुर्दशी के अवसर पर कोपवां में समाजसेवी स्व शिवकुमार सिंह, पहलवान स्व रामदरश सिंह और स्व सच्चिदानंद सिंह की पुण्य स्मृति में महिला एवं पुरुष अंतरराज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कुश्ती प्रतियोगिता में नामी-गिरामी महिला एवं पुरुष पहलवानों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में पुरुष पहलवानों के मुकाबले महिला पहलवानों का दबदबा रहा।

कार्यक्रम के सचिव अरुण सिंह पहलवान के नेतृत्व में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज, जिला पार्षद अरविंद प्रताप शाही, गायक कमलबांस कुंवर, समाजसेवी प्रदीप राय, मुन्ना सिंह, सोनू राय, राजीव रंजन सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। हजारों की संख्या में पहुंचें दर्शकों एवं पहलवानों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि गांवों की पहचान पूर्व की तरह आज भी पहलवानों से ही होनी चाहिए। इन्होनें कहा कि आवश्यकता है हमारे समाज में पहलवानों को यथोचित सम्मान देने की ताकि यह बुनियादी खेल बरकरार रहे। इस प्रतियोगिता में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा चुके तकरीबन दो दर्जन से ऊपर महिला एवं पुरूष पहलवानों ने अपनीं भागीदारी सुनिश्चित कराया।

पहलवानों के दांव पेंच पर दर्शकों द्वारा तालियों से हौसला अफजाई करनें का दौर जारी रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद डॉ रमेश सिंह ने किया जबकि अखाड़े का संचालन अरुण सिंह पहलवान ने किया तथा आगत अतिथियों का स्वागत प्रिंस सिंह ने किया। महिला पहलवानों में भोजपुर की राधा कुमारी, अर्चना कुमारी आर्या, अन्नू कुमारी और बेगूसराय की महिला पहलवान जुगनू भारद्वाज दबदबा रहा तो वहीं पुरुष पहलवानों में बनारस के राधेश्याम, कैमूर के अंकित खरवार, नीरज कुमार, अमन कुमार मौर्य, बक्सर के अभिषेक कुमार, नासीर अंसारी, भोजपुर के हरिशंकर कुमार के अलावे इलाहाबाद, जौनपुर, गौरखपुर, रांची, धनबाद, भोपाल, दिल्ली आदि जगहों से पहुंचे पहलवानों ने इस प्रतियोगिता में अपना दांव-पेंच दिखाया। मौके पर कोरानसराय थानाध्यक्ष अभय सिंह, मुखिया इंदल सिंह, प्रीति पटेल, रामेश्वर सिंह, सीताराम सिंह, लल्लू सिंह, विनोद सिंह, धुरान सिंह, करिया सिंह के अलावे अन्य गणमान्य उपस्थित थे। आयोजकों द्वारा विजयी पहलवानों को प्रतीक चिन्ह व मेडल के साथ ही नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

## उत्साह के साथ मनाया गया पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिवस

# ईद मिलाद-उन-नबी पर शहर में निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी





**केटी न्यूज/डुमरांव**

पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलाद उन-नबी के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मजहबी नारों के साथ शहर में विशाल काफिला निकाला। काफिले में रंग-बिरंगे परिधानों में शामिल बच्चे, बूढ़े, युवा सभी उत्साहित नजर आ रहे थे। गाजे-बाजे के साथ निकले इस काफिले में मुस्लिम भाईयों का उल्लास देखते बन रहा था।

नूरे इस्लाम कमिटी तकिया मोहल्ला के अलावे कई अन्य कमिटियों द्वारा आयोजित काफिला शहर के पुराना थाना रोड, जंगल बाजार, चौक रोड, गोला रोड, स्टेशन रोड से गुजरते हुए तकिया मस्जिद पर पहुंच कर समाप्त हुआ। गंगा-जमुनी तहजीब को पेश करते हुए काफिला में शामिल सभी लोग गगनभेदी मजहबी नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। काफिला में शामिल छोटे-बड़े मजहबी झंडे और रंग-बिरंगी पगड़िया आकर्षण का केंद्र बना था। सुरक्षा को लेकर काफिला के अलावे जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। कमिटी के अध्यक्ष मो डम्पी हाशमी, समीर हाशमी, शहजाद हाशमी, गुड्डू, आफताब, मंजूर आदि ने बताया कि यह उत्सव संपूर्ण मानवता को एकता के सूत्र में बांधने का सीख देता है। काफिला में शामिल होना सबसे बड़ा नेकी होता है। हजरत साहब के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लिया गया और अमन-चैन की दुआ मांगी गयी। डुमरांव के साथ ही बक्सर, नावानगर, सिमरी, केसठ, ब्रह्मपुर आदि प्रखंडों में भी जुलूशे मोहम्मदी का आयोजन कर पैगंबर हजरत साहब के संदेशों का याद कर उस पर अमल करने का संकल्प लिया गया।

**पैगंबर साहब ने मानव समाज के फलाह व तरक्की का दिया था संदेश:** बता दें कि इस्लाम के प्रवर्तक पैगंबर साहब ने मानव समाज के फलाह, तरक्की व खुशनुदी का संदेश दिया था। उनका पैगाम प्रेम, सहिष्णुता, शांति, विश्व बंधुत्व का था। यही कारण है कि मिलाद उन नबी का त्योहार आपसी सौहार्द्र, प्रेम व सहिष्णुता के साथ मनाया जाता है। गुरूवार को जुलूसे मोहम्मदी के दौरान यह देखने को भी मिला।

**किरनी में ईद उल मिलाद उन नबी के अवसर पर निकाला गया जुलूसः** प्रखंड के विभिन्न गांवों में मिलाद-उन-नबी गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर किरनी गांव में जूलुस निकाला गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय सहित अन्य समुदाय के लोग शामिल हुए। जुलूस मस्जिद से निकलकर गांव के विभिन्न गली-मुहल्लों, चौक-चौराहों से होते हुए पुनः मस्जिद पहुंच कर संपन्न हुआ। इससे पूर्व मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा किया। जुलूस का नेतृत्व किरनी मदीना मस्जिद के इमाम कारी मकसूद अली ने किया। उन्होंने कहा कि हजरत साहब ने आपस में प्रेम भाईचारे का संदेश दिया है। जिसे अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने सादगीपूर्ण जीवन जीने का संदेश दिया है। सुबह में कुरान खानी, फातेह खानी और मिलाद उन नवी का कार्यक्रम हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। मौके पर पूर्व बीडीसी इजराईल अंसारी, सलामत अली, इसराफिल अंसारी, शैयद अली, नियामत हुसैन, फुल मोहम्मद अंसारी, अख्तर हुसैन, सुहैल अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## लाखनडीहरा गांव में युवक को आपसी विवाद में मारी गोली



**डुमरांव।** गुरुवार की अहले सुबह डुमरांव थाना क्षेत्र के लाखनडीहरा गांव के पास पुराने विवाद में अपराधियों ने मॉर्निंग वॉक करने गए एक युवक को गोली मार दी है। गोली लगने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक लाखनडीहरा के सुरेश यादव का 22 वर्षीय पुत्र जितेंद्र यादव है। जबकि आरोपी भी उसी गांव के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार वह हर दिन की तरह सुबह में दौड़ने के लिए गांव से पूरब मुख्य सड़क पर गया था। करीब पांच बजे के आस पास आरोपियों ने जान मारने की नियत से उस पर गोली चला दी। गोली उसके सर और गर्दन के आसपास से छूते हुए निकल गई है। बावजूद उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इसकी जानकारी मिलते हैं स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच जख्मी के इलाज तथा आरोपियों की घर पकड़ में जुट गई है। घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त है लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। डुमराव थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया पुराने विवाद में उसे गोली मारी गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी की पहचान कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बंटी बबली बन देवर भाभी कर रहे थे शराब तस्करी



**बक्सर।** उत्पाद विभाग द्वारा लगातार की जा रही करवाई के बाद भी तस्कर बाज नहीं आ रहे है। बुधवार को शराब की खेप को दिल्ली से मुजफ्फरपुर ले जा रहे मासूम के साथ देवर भाभी को पकड़ा गया है। जिनसे पुछताछ के बाद अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। गंगा ब्रिज चेक पोस्ट प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि बुधवार की रात गंगा ब्रिज पर जांच के दौरान दिल्ली नंबर होंडा सिटी कार को रोकने के लिए जैसे हाथ दिया गया। कार की स्पीड तेज कर दिया त्रपश्चत तैनात सिपाहियो द्वारा उसे रोक लिया गया। और जब कार को स्कैनर से स्कैन किया गया तो उसमे बोतले दिखाई दिया। उतर प्रदेश के गोंडा जिला बजीरगंज थाना अंतर्गत बेलिया गांव के रहने वाले शिवम गुप्ता के पुत्र अनुज गुप्ता और दीपक गुप्ता की पत्नी राखी गुप्ता आपस में देवर भाभी हैं। वहीं राखी गुप्ता के गोद में एक मासूम भी था। ये लोग नोएडा से मुजफ्फरपुर शराब की खेप लेकर जा रहे थे। पकड़ी गई शराब 153.275 लीटर है।

## भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक का स्वागत समारोह आज

**डुमरांव।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता विंध्याचल राय का सम्मान समारोह शुक्रवार को नगर भवन में आयोजित किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ बब्लू पाठक ने बताया कि शुक्रवार को डुमरांव नगर भवन में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विंध्याचल राय के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## जयंती पर याद किए गए शहीद-ए-आजम भगत सिंह

**केटी न्यूज/बक्सर**



गुरूवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इस मौके पर नगर के मुनीम चौक स्थित भगत सिंह पार्क में संघ के प्रौढ़ व्यवसायिक शाखा द्वारा जयंती समारोह को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ नगर संघ चालक ओम प्रकाश वर्मा व वरिष्ठ कार्यकर्ता अवधेश पांडेय ने किया। सभी उपस्थित नागरिक व स्वयंसेवक बंधुओं ने पुष्प अर्पित करते हुए भगत सिंह अमर रहे, भारत माता की जय, वंदे मातरम, जहां हुए बलिदान भगत सिंह वो लाहौर हमारा है। जैसे देशभक्ति से ओत प्रोत नारे लगा रहे थे। अपने संबोधन में अवधेश पांडेय ने कहा कि क्रांतिकारी देशभक्त भगत सिंह हम सबके के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्हें भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे प्रभावशाली क्रांतिकारियों में से एक माना जाता है। वह बहुत कम उम्र में स्वतंत्रता के संघर्ष में शामिल हो गए और केवल 23 वर्ष की आयु में शहीद हो गए। भगत सिंह अपने वीर और क्रांतिकारी कृत्यों के लिए लोकप्रिय हैं। कार्यक्रम में नगर कार्यवाह राहुल कुमार, माधव चंद्र श्रीवास्तव, प्रकाश कुंवर, विनोद उपाध्याय, हीरालाल वर्मा, मोहन वर्मा, अवनिंद्र कुमार, नंदजी केशरी, अविनाश कुमार, मार्कण्डेय राय, उमाशंकर केशरी, गुप्तेश्वर केशरी, अनिल श्रीवास्तव, दिनेश केशरी, समेत अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।

## दिल्ली के छतरपुर स्थित बाबा संत नागपाल सभागार में आयोजित हुआ था समारोह

# डुमरी के नवीन नितेश पांडेय को भू वृन्द लोक कला सम्मान

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अनुमंडल के सिमरी अंचल के डुमरी गांव निवासी नवीन नितेश पांडेय को भू वृन्द लोक कला सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान हाल ही में नई दिल्ली के छतरपुर स्थित बाबा संत नागपाल सभागार आयोजित भू-वृंद-नेशनल-मीटअप में दिया गया है। संगीत की दुनिया में एक अलग ही पहचान बनाने वाले नवीन नितेश को भू वृंद अवार्ड से मिलने से उनके पैतृक गांव में हर्ष की लहर दौड़ गई है। इसके पहले भी संगीत के क्षेत्र में उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुका है। वही भू वृंद नेशनल मीटअप में देश के कई राज्यों के जाने माने कलाकार उपस्थित हुए थे। जिनमें नितेश की कला की सबने सराहना की।

उन्होंने कहा कि कला किसी उम्र की मोहताज नहीं होती। भू वृन्द संस्था से राजेश प्रियम और अन्य अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि से पिता उमा शंकर पांडेय और माता उर्मिला देवी गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। इनकी शुरूआती शिक्षा डुमरी से हुई थी तथा केपी उच्च विद्यालय डुमरी से मैट्रिक की परीक्षा पास करने के बाद इनकी रुचि संस्कृत की और संस्कृत की पढ़ाई के लिए ये वाराणसी चले गए। वहां के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से आचार्य शिक्षा प्राप्त की। वे 12 वर्ष की उम्र से ही गीत, गजल, नाटक आदि की छोटे-छोटे मंच से प्रस्तुति दे रहे थे। उन्होंने कहा कि संगीत हमारी संस्कृति है। संगीत के बारे में इन्हें रूचि दिलवाने वाले उनके बड़े भाई तथा भोजपुरी गीतकार रंजन अलबेला है। नवीन ने 2014 से 2021 तक 70 से अधिक महोत्सव और टीवी रियलिटी शो में भाग लिया तथा इन्हें कई पुरस्कारों से नवाजा गया।

उन्होंने बताया कि जब से संगीत से जुड़ा हूं तब से लगभग 400 से अधिक ऑल इंडिया के कलाकार हिंदी भोजपुरी से जुड़े बच्चों के टैलेंट को देखते हुए मंच पर प्रस्तुति देने के लिए टीवी चैनल शो में भाग लेने के लिए जागरूक किया हूं। वे 2017 में जदयू छात्र प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष भी चुने गए थे। लेकिन उनकी जड़े तो संगीत में थी। लिहाजा राजनीतिक कैरियर पर वही विराम लग गया। उन्हें अबतक 2018 में इंटरनेशनल फिल्म थिएटर फेस्टिवल में सम्मान मिला था। इसके अलावा 2019 में भोजपुरी सिनेमा स्क्रीन अवॉर्ड्स शो। 2020 में नेशनल आर्टिस्ट यूनियन संस्था ने इन्हें बिहार का ब्रांड एम्बेसडर बनाया था। 2021 में भिखारी ठाकुर स्मृति सम्मान समारोह से 2022 भारत हुनर सम्मान तथा 2023 को अखिल भारतीय ब्राह्मण संरक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव पांडेय जी के द्वारा परशुराम रतन सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास अपने सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखना तथा युवाओं को संगीत के प्रति रूचि पैदा करना है।

## एक नजर

### स्वच्छता का अलख जगाने पहले दिन ही 70 गांवों तक पहुंचा जिला प्राधिकार, लोगों को दे रहा संदेश



**बक्सर।** पटना हाई कोर्ट व बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आनंद नंदन सिंह एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर के प्रभारी सचिव देवराज के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा पहले ही दिन बक्सर जिले के 70 गांवों तक पहुंचा। उद्देश्य था स्वच्छता ही सेवा 2023, राष्ट्रीय स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर लोगों को स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित करना। स्वच्छता, मानव जीवन का प्रथम पाठ है, इसी उद्देश्य को लेकर आनंद नंदन सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बक्सर एवं प्रभारी सचिव ने जिले में कार्यरत सभी पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयंसेवक के माध्यम से पहुंचकर जिले के हर एक घरों में स्वच्छता के प्रति लोगों के मन में जागरूकता पैदा करने का लक्ष्य बनाया है। इसी क्रम में नवानगर प्रखंड के भदार पंचायत में राहुल मिश्र एवं कुंदन कुमार, सिमरी प्रखंड के कुशलपुर पंचायत में अनीशा भारती एवं पैनल अधिवक्ता अशोक कुमार, इटाढी प्रखंड के नारायण के पसहरा पंचायत में सरोज कुमार यादव एवं अशोक कुमार, बक्सर प्रखंड स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर सरोज कुमार चौबे एवं प्रेम प्रकाश पाठक, सिमरी प्रखंड के राजापुर नवरंग राय के डेरा ग्राम पंचायत में राधेश्याम उपाध्याय एवं आश नारायण मिश्र, बक्सर प्रखंड के हर किशनपुर चुरामनपुर ग्राम पंचायत में प्रिय रंजन पांडे एवं विनय शंकर, डुमरांव प्रखंड के नया भोजपुर ग्राम पंचायत में पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं प्रीति कुमारी, व्यवहार न्यायालय, बक्सर के फ्रंट ऑफिस पर कार्यरत विधिक सेवक अंजुम कुमार रावत एवं सोनू कुमार कानू द्वारा व्यवहार न्यायालय, बक्सर परिसर को साथ ही ब्रह्मपुर प्रखंड के गायघाट ग्राम पंचायत में विमल कुमार पाठक एवं काजल कुमारी द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया।

### सशक्त भारत फोटो प्रदर्शनी का हुआ समापन

**डुमरांव।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), पटना द्वारा बक्सर के डुमरांव स्थित राजगढ़ में नया भारत सशक्त भारत विषय पर आयोजित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम गुरूवार को समारोह पूर्वक संपन्न हो गया। मौके पर सीबीसी, पटना के सहयक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सर्वजीत सिंह, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार और मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुमित गुप्ता मौजूद थे। समापन समारोह का संचालन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सर्वजीत सिंह ने किया। फोटो प्रदर्शनी के मध्यम से डुमरांव की जनता को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस मौके नप के ईओ ने लोगों से स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा बनने की अपील की। उन्होंने कहा की यहां के बच्चे काफी प्रतिभावान है, जिसकी छवि चित्रांकन प्रतियोगिता की चित्रकारी में दिखाई पड़ती है। चित्र प्रदर्शनी में स्थानीय छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए चित्रों की अतिथियों ने काफी सराहना की। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो की ये प्रदर्शनी काफी उपयोगी है। कार्यक्रम से सभी वर्ग के लोगों को जनउपयोगी सूचना प्राप्त होगी।

### कोटा-पटना एक्सप्रेस में मिला कटा हुआ हाथ

**बक्सर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की शाम डाउन कोटा-पटना एक्सप्रेस में कटा हुआ हाथ बरामद हुआ। जिसके बाद ट्रेन में अफरातफतरी मच गई। ट्रेन के बक्सर पहुंचते ही जीआरपी के जवान बोगी में जैसे चढ़े और पाया कि पूरी बोगी में खुन पसरा हुआ था। उक्त बोगी के कई शीशे भी टूटे हुए थे। ट्रेन की बोगी में खून के छींटे बिखरे हुए हैं। बताया जा रहा है कि जिस यात्री का हाथ बोगी में बरामद हुआ है, वह यात्री भदौरा रेलवे स्टेशन के समीप पटरियों के किनारे गिरा हुआ पाया गया। घटना के बाद जीआरपी मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि जिस बोगी में कटा हुआ हाथ मिला वो पूरी तरह से खाली थी। जीआरपी और आरपीएफ ने बारीकी से जांच की, लेकिन घटना के बारे में विशेष जानकारी नहीं मिल सकी। ट्रेन शाम 06:19 तक रुकी रही। बोगी से सटे आसपास की बोगियां के यात्रियों से पूछने पर उन्होंने कुछ बताने से इन्कार कर दिया। हालांकि दबी जुबान में कुछ यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में जमकर मारपीट हुई है। जिसमें एक व्यक्ति का हाथ काट दिया गया और उसे चलती ट्रेन से फेंक दिया गया। इसी मारपीट की घटना के दौरान ट्रेन के शीशे भी टूट गए। जीआरपी थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव ने बताया कि जैसे ही घटना की सूचना मिली मौके पर पहुंचकर जांच की गई। बाद में कंट्रोल के द्वारा यह जानकारी मिली कि एक व्यक्ति गहमर में गिरा हुआ मिला था, जिसका भदौरा में इलाज चल रहा है। उसी का हाथ कट कर बोगी में रह गया है। फिलहाल उक्त हाथ को मिलान कराने के लिए भदौरा भेजा गया है। यात्रियों से भी पूछताछ की गई, लेकिन किसी के द्वारा यह नहीं बताया गया कि ट्रेन में क्या हुआ था। जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स, हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।



डा. राजीव कुमार झा
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441

# एमडीए अभियान को सफल बनाने में हाथीपांव मरीज जी-जान से जुटे

**केटी न्यूज/नवादा**

किसी भी अभियान को सशक्त और सफल बनाने में समुदाय की सहभागिता महत्वपूर्ण है। ऐसी ही सहभागिता फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में चलाये जा रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान को लेकर भी देखने को मिल रहा है। जिला के पांच प्रखंडों में सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया गया है। इसके तहत लक्षित लाभार्थियों को अल्बेंडोजोल और डीईसी की दवा दी जा रही है। दवा सेवन से हाथीपांव जैसे रोग की रोकथाम की जाती है। आमजन को फाइलेरिया के दुष्परिणाम के बारे में समझा कर दवा सेवन कराया जा रहा है। समुदाय में दवा सेवन की जरूरत के बारे में जानकारी देने और दवा खिलाने जैसे कार्य में हाथीपांव के मरीज आगे बढ़ अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। हाथीपांव के कई मरीज घर-घर जाकर लोगों को अपने प्रभावित अंग दिखा उनसे दवा सेवन की अपील कर रहे हैं।



**हाथीपांव मरीजों से की गयी मुलाकातः** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। हाथीपांव रोग की रोकथाम के लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान का अनुश्रवण राज्य स्तर से किया जा रहा है। एमडीए अभियान को लेकर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी फाइलेरिया के राज्य सलाहकार डॉ अनुज सिंह रावत द्वारा जिला के विभिन्न प्रंखडों का दौरा किया गया और इस क्रम में कई फाइलेरिया मरीजों से मुलाकात की गयी। राज्य सलाहकार द्वारा इस क्रम में सदर प्रखंड के भरोसा तथा पथरा इंगलिश गांवों में दवा सेवन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दवा सेवन कराने में जुटे स्वास्थ्यकर्मियों से मुलाकात किया साथ ही हाथीपांव मरीजों द्वारा बनाये गये पेशेंट सपोर्ट समूह के क्रियाकलापों को जाना समझा।

**हाथीपांव मरीज दवा सेवन में करा रहे सहयोगः** राज्य सलाहकार ने बताया दवा सेवन कराने में स्वास्थ्यकर्मी पूरी तरह अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। दवा सेवन कराने के काम में हाथीपांव मरीजों का भी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया भरोसा गांव में भरोसा पेशेंट सपोर्ट समूह से जुड़ी हाथीपांव की मरीज रुधि देवी सहित कई हाथीपांव के मरीज अपने गांव के प्रत्येक घरों तक पहुंच लोगों से दवा सेवन करने की अपील कर रहे हैं। कहा कि जमीनी स्तर पर इस प्रकार का सहयोग महत्वपूर्ण है। मरीजों द्वारा दूसरे लोगों को दवा सेवन कराने में आशा की आवश्यक सहयोग प्रदान करना तथा लोगों को दवा सेवन की जरूरत पर जागरूक करना जैसे कार्य इसकी उम्मीद जगाते हैं कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यकम की सफलता की दिशा में एक कारगर पहल है।

**समुदाय की सहभागिता अच्छी पहलः** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया समुदाय के लोग हाथीपांव के मरीजों की पीड़ा और फाइलेरिया के दंश को समझें और दवा का सेवन करें, यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। समुदाय के लोगों को इस बात का एहसास कराना जरूरी है कि यह दवा उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे अभियानों की सफलता स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से इतर समुदाय की सहभागिता पर भी निर्भर करती है। यह एक अच्छी पहल है।

## एक नजर

### अनंत चतुर्दशीः पूजन को लेकर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जहानाबाद।** जिले में हर्षोल्लास के साथ अनंत चतुर्दशी पर्व का मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से जिले के विभिन्न मंदिरों में पूजन को लेकर विशेष भीड़ देखी गई। अनंत चतुर्दशी पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से हाथों में पूजा की थाली लिए लोगों की भीड़ मंदिरों में लगना आरंभ हो गया। अनंत चतुर्दशी पूजा को लेकर विभिन्न मंदिरों में भी विशेष व्यवस्था की गयी थी। पुजारी की माने तो रक्षा सूत्र धारण करने व अनंत चतुर्दशी व्रत कथा सुनने का भी विशेष महत्व है। इसलिए शहर के लाल मंदिर में मंदिरों में घंटो व्रत रख लोगों ने अनंत भगवान की पूजा अर्चना की और कथा सुनी। शहर के काको मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर, लाल मंदिर, पंचमहला समेत कई मंदिरों में ज्यादा भीड़ देखने को मिली। पूजा करने आये श्रद्धालु ने बताया कि अनंत चतुर्दशी को लेकर आज जिले के सभी मंदिरों में भीड़ है। अनंत चतुर्दशी के मौके पर भगवान विष्णु का पूजा पाठ कर रक्षा सूत्र बांधकर सुख समृद्धि की कामना की। बताते चले कि धन-धान्य, सुख-शांति व आरोग्य की प्राप्ति हेतु लोग अनंत चतुर्दशी को रक्षा सूत्र धारण करते है।



### सड़क दुर्घटना में ड्यूटी में तैनात जवान जख्मी

**जहानाबाद।** शहर में सड़क जाम हटाने के दौरान एक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पुलिस जवान को आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना नगर थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल मोड़ के समीप की है। घायल जवान बमबम कुमार बताया जाता है जो पुलिस लाइन में कार्यरत हैं। दरअसल गुरुवार को मोहम्मद हजरत पैगाम के जन्मदिन के मौके पर शहर में जुलूस निकाला गया था।जिसके कारण हॉस्पिटल मोड़ के समीप एनएच-83 पर सड़क जाम हो गया। जाम की समस्या को देखते हुए ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी जाम छुड़ाने लगे इसी दौरान एक एंबुलेंस ने टक्कर मार दिया। जिसके कारण पुलिस जवान का दाहिना पैर टूट गया। घायल जवान को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल पुलिस जवान ने बताया कि वह पुलिस लाइन में पदस्थापित है। पर्व को लेकर हॉस्पिटल मोड़ के समीप ड्यूटी लगाया था।

**फाइलेरिया के राज्य सलाहकार ने भोजपुर के गांवों में संचालित एमडीए का लिया जायजा**

# फाइलेरिया मुक्त बिहार बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी : डॉ. अनुज

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले को फाइलेरिया से मुक्त करने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंडों में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत आशा कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक उम्र के लाभुकों को फाइलेरियारोधी दवाओं का सेवन कराया जा रहा है।

इस क्रम में अभियान के सफल संचालन की जांच के लिए गुरुवार को राज्यस्तरीय टीम ने जिले के विभिन्न इलाकों में जाकर एमडीए का जायजा लिया। जिसमें राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी कार्यालय से आए राज्य सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत, पिरामल इंडिया के स्टेट हेड डॉ. विकास सिन्हा और पिरामल इंडिया के भोजपुर डीपीओ चंदन कुमार प्रसाद शामिल रहे। टीम ने जिले के चिलहरी और ताराचक गांव का दौरा किया। जहां उन्होंने अभियान के दौरान दवाओं का सेवन कर चुके लाभुकों से एमडीए की जानकारी ली। जिसमें सभी कुछ नियमानुसार पाया गया। साथ ही, उन्होंने आशा कार्यकताओं को ससमय रिपोर्टिंग करने का भी निर्देश दिया। ताकि, एमडीए का अनुश्रवण सही से किया जा सके। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर तक केंद्रीय स्तरीय टीम ने जिले के विभिन्न गांवों में एमडीए का जायजा लिया। जिसके बाद 28 सितंबर से राज्य स्तरीय टीम ने एमडीएम के सफल संचालन को लेकर दौरा शुरू किया है। बताते चलें कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त अभियान से फाइलेरिया मुक्ति अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत लगातार अनुश्रवण व निगरानी की जा रही है।



- लाभुकों से दवाओं के सेवन के संबंध में की पूछताछ
- स्टेट टीम ने दवाओं के सेवन के साथ मच्छरों से बचाव की दी जानकारी

**एमडीए के सफल संचालन के लिए सबका सहयोग जरूरी :** निरीक्षण के दौरान फाइलेरिया के राज्य सलाहकार डॉ. अनुज ने आशा कार्यकताओं से कहा कि बिहार सहित पूरे देश से 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए इसे सफल बनाने में सबका सहयोग अपेक्षित है। स्वास्थ्य समिति के साथ-साथ इस अभियान को सफल बनाने में सहयोगी संस्थानों का भरपुर सहयोग मिल रहा है। जिसके कारण पूर्व की अपेक्षा में लाभुकों में जागरूकता आई है। लोग स्वेच्छा से दवाओं का सेवन कर रहे हैं। जो अच्छे संकेत है। उन्होंने आशा फैसिलिटेटर्स और आशा कार्यकताओं को बताया कि अभियान के दौरान अपने समक्ष ही लाभुकों को दवाओं का सेवन कराएं। यदि किसी घर में पांच लाभुक सदस्य हैं और विजिट के दौरान केवल दो सदस्य ही मौजूद हैं तो आप सिर्फ दो लोगों को ही अपने समक्ष दवाओं का सेवन कराएं। बाकी तीन सदस्यों को दोबारा विजिट कर दवाओं का सेवन कराएं। किसी भी हाल में यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक लाभुक आपके सामने ही दवाओं का सेवन करें। उन्हें दवाएं देनी नहीं, खिलानी है।

**मच्छरों से बचने का करें उपाय :** इस क्रम में डॉ. अनुज ने ग्रामीण लाभुकों से भी वार्ता की। जिसमें उन्होंने बताया कि फाइलेरिया से बचने के लिए दवाओं का सेवन बेहद जरूरी है। लेकिन, आप सभी इस बात का भी ध्यान रखें कि आपके घरों के आसपास गंदगी न हो। घर के आसपास यदि जलजमाव हो रहा है तो उसे मिट्टी डालकर भर दें। ताकि, मच्छरों के पनपने का मौका न मिले। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया की तरह अन्य बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया आदि भी मच्छरों के काटने से ही होता है। इसलिए मच्छरों से बचाव जरूरी है। उन्होंने सभी को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने की नसीहत दी। साथ ही, बड़े-बुजुर्गों से एमडीए अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की।

## विषैले सांप के डंसने से सो रही महिला की मौत

**आरा।** जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मदई गांव में बुधवार की रात विषैले सांप के डंसने से घर में सो रही 45 वर्षीया एक महिला की मौत हो गई। परिजनों द्वारा इलाज के लिए उन्हें पटना ले जाने के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका मदई गांव निवासी खलीफा राम की पत्नी उर्मिला देवी बतायी जा रही हैं। मृतका के भतीजे योगेंद्र कुमार राम ने बताया कि बीती रात वो खाने के बाद अपने बेटियों के साथ घर में जमीन पर सोई थी। उसी दरम्यान एक विषैले सांप ने उन्हें डंस लिया। तब उनकी नींद खुल गई और कहा कि उन्हें सांप ने डंस लिया है। उससे उनकी हालत काफी बिगड़ गई। उसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। लेकिन, पटना ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। तब परिजन शव लेकर गांव चले गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। योगेंद्र कुमार राम ने बताया कि सांप घर के मिट्टी के दीवार में छिपा था। उसे गुरुवार की सुबह मार डाला गया। बताया जा रहा है कि महिला को चार पुत्री लक्ष्मीना देवी, पूनम देवी, रीता कुमारी व लवली कुमारी और पुत्र पवन कुमार है।




## दोस्तों के साथ नहर में नहाने गये किशोर की डूबने से मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनिया गांव में गुरुवार को नहर में नहाने के दौरान डूबने से 13 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई। वह अनंत पूजा को लेकर दोस्तों के साथ नहाने गया था। घटना को लेकर काफी देर तक अफरातफरी मची रही। मृत छात्र पियनिया गांव निवासी मनोज कुमार साव का बेटा अमित कुमार था। जो सातवीं कक्षा का छात्र था।

मृतक के पिता मनोज कुमार साव ने बताया कि अनंत पूजा को लेकर वह गांव के ही पांच अन्य दोस्तों के साथ पियनिया पुल स्थित नहर में नहाने गया था। उस दौरान वह नहर में डूबने लगा। उसे देख उसके साथ रहे अन्य दोस्तों ने घटना की सूचना दी। जिसके बाद वे घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे पानी से बाहर निकला। उसके बाद उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया।



जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी सूचना पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा कि छात्र अपने पांच बहन और दो भाई में सबसे छोटा था। उसके परिवार में मां कलावती देवी, पांच बहन सोनाली, नेहा, पूजा, शोभा, आशा और भाई आदित्य कुमार है। हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। बेटे की मौत की खबर सुनते ही उसकी मां कलावती देवी सहित परिजनों की घर में चीत्कार मच गया।

## बाइक चोरी करता हुआ बदमाश गिरफ्तार निशानदेही पर गिरोह के दो और सदस्य धराये

**केटी न्यूज/आरा**

जिले की उदवंतनगर थाने की पुलिस ने अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। जिसमें तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से चोरी की दो बाइक और मास्टर चाबी का गुच्छा बरामद किया गया। पकड़े गए चोरों में नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नागर बैंक कॉलोनी निवासी अभिषेक पांडेय, उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेहरा गांव निवासी विकास कुमार उर्फ साहेब और रोहतास के दावथ थाना क्षेत्र के देवांगना गांव निवासी राकेश कुमार शामिल हैं। बाइक चोरी करते हुए अभिषेक पांडेय की गिरफ्तारी और उसकी निशानदेही पर उसके दो साथी पकड़े जा सके।



मामले में एसपी प्रमोद कुमार यादव ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि मंगलवार की देर रात उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भेलाई रोड स्थित सिंह कॉलोनी निवासी शिवजी पांडेय की बाइक उनके घर के सामने से चोरी कर ली गयी थी। सीसीटीवी फुटेज में अभिषेक पांडेय और रोहतास के देवांगना गांव निवासी रोहित उर्फ अप्पू को बाइक की चोरी करते देखा गया था। जिसके बाद शिवजी पांडेय के बयान पर एफआईआर दर्ज करते हुए बाइक की बरामदगी और चोरों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। छापामारी में जुटी टीम ने बुधवार की शाम जीरो माइल के अभिषेक पांडेय को बाइक चोरी करते गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक बाइक और मास्टर चाबी का गुच्छा बरामद किया गया। उसकी निशानदेही पर बेहरा गांव निवासी विकास कुमार उर्फ साहेब और देवांगना गांव निवासी राकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके बाद विकास कुमार उर्फ साहेब की निशानदेही पर उसके घर से शिवजी पांडेय की चोरी गयी बाइक बरामद की गयी। चोरी और गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।




**मुस्लिम समुदाय में जश्न का माहौल, मदरसे द्वारा निकाला गया भव्य जुलूस**

# धूमधाम से मना मोहम्मद साहब का जन्मदिन

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले में ईद मिलादुन्नबी (पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन) पर मुस्लिम समुदाय के लोगों में जश्न का माहौल है। हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन जिले में धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर मदरसे द्वारा शहर में भव्य जुलूस निकाला गया। जो शहर के विभिन्न चौक चौराहे से होकर अरवल मोड़ पहुंची। जहां जुलूस को समाप्त कराया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दे रहे है। शहर के विभिन्न मुहल्लों में मोहम्मदी जुलूस निकाला गया। इधर ईद मिलादुन्नबी पर शहर के प्रमुख मार्ग और मुहल्लों को रंग-बिरंगे झालरों से सजाया गया। त्योहार को लेकर मुस्लिम इलाकों में खासा उत्साह है। घरों में पकवान बनाए जा रहे हैं। मुस्लिम भाइयों ने बताया कि आज का दिन मुस्लिम समाज के लिए बड़ा महत्व रखता है। पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्मदिन है। पैगम्बर साहब इस्लाम धर्म हीं नहीं, बल्कि हर जाति, देश और दुनिया के पैगम्बर है। इधर, त्योहार को लेकर बड़े, बूढ़े और बच्चों में खासा उत्साह है।



इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद का जन्म 571 ईस्वी में सऊदी अरब के मक्का शहर में हुआ था। जिस दिन हजरत मोहम्मद का जन्म हुआ था वह दिन 12 रबी उल अव्वल की तारीख थी। हजरत मोहम्मद के पिता का नाम अब्दुल्ला था। इस्लामिक कैलेंडर के हिसाब से रबी उल अव्वल तीसरा महीना है। आमतौर पर 12 रबी अव्वल को ही तमाम मुसलमान पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म दिवस मानते हैं लेकिन कई लोग इस बारे में उनके जन्म दिवस की तारीख 9 रबी उल अव्वल भी बताते हैं। इस हिसाब से पूरा सप्ताह ही हजरत मोहम्मद की दिखाई रौशनी के नाम रहता है।

## मणिपुर में बर्खास्त हो बीजेपी सरकार लगे राष्ट्रपति शासन : डॉ. संजय

**जहानाबाद।** बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नाकामी और जानबूझकर कर की गई अनदेखी के कारण पूरे मणिपुर को अशांत क्षेत्र घोषित करना पड़ा है। राज्य में हालात सुधारने में बीजेपी की राज्य सरकार नाकाम रही है। वहां न जवान सुरक्षित हैं और न पुलिसकर्मी। हिंसा लगातार बढ़ती जा रही है। मासूम युवाओं का अपहरण कर मारा जा रहा है। जिनकी वीभत्स वीडियो और फोटो भी वायरल है। महिलाओं और बच्चों के साथ हिंसा हो रही है। फिर भी मोदी सरकार जनता को न बचा कर अपनी राज्य सरकार पर लगाम नही लगा रही है। डॉ. संजय ने कहा कि देश भर में बीजेपी द्वारा जिस तरह से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच नफरत की राजनीति भड़काई जा रही है उससे देश का सामाजिक ताना बाना बिगड़ गया है। राहुल गांधी लगातार मोहब्बत की राजनीति के द्वारा सामाजिक और धार्मिक सौहार्द फैला रहे हैं। देश की जनता अब मोदी के असली रूप को पहचान गई है। आने वाले चुनावों में जनता मोदी सरकार को जहर फैलाने की सजा सत्ता से बाहर कर के देगी। कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देश के संवैधानिक और सामाजिक- धार्मिक ढांचे को बचाने के हर सम्भव प्रयास में लगी रहती है।



# हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में अकीदत के साथ मनाई ईद मिलादुन्नबी

- प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी निकाला गया जुलूस, काफी संख्या में लोगों ने लिया भाग

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के सिकन्दरपुर में इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गुरुवार को हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में अकीदत के साथ मनाई। अवसर पर मुसलमानों ने प्रातः अपने घरों पर फातेहा कराई और शाम को प्रकाश किया। हजरत मोहम्मद साहब सल्लल. के जन्मदिन पर प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर में एक



जुलूस निकाला गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

भ्रमण के दौरान जुलूस में शामिल युवा मोहम्मद साहब की शान में नातिया कलाम पढ़ते चल रहे थे।भ्रमण के दौरान जुलूस को जगह जगह रोका गया जहां जम कर इस्लामी नारे बुलन्द किये गए।सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल भी मौजूद रहे।

जुलूस का शुभारम्भ तेलावते कुरान शरीफ के बाद मोहल्ला डोमनपुरा स्थित मदरसा दारुल उलूम सरकार ए आसी के प्रांगण से डॉ मिन्हाजुद्दी अज्मली के नेतृत्व में निकला जो जुलूस परम्परागत मार्गों चादनी चौक, इदरीशिया मोहल्ला, मोहल्ला मिल्की, आनंदी चौक,चौक बाजार, मोहल्ला गंधी, मोहल्ला भिकपुरा, मोहल्ला बड्ढा से होते हुए मोहल्ला मुड़ियापुर में स्थित दाता साहब के मजार के प्रांगण में पहुंच कर जलसा के रूप में परिवर्तित हो गया जहा तकरीर करते हुए प्रोफेसर डॉ. सिराजुद्दीन अज्मली ने हजरत मोहम्मद साहब सल्लल.की सीरत और मजहबे इस्लाम की खूबियों व हिदायत के बारे में चर्चा की साथ ही उस के उसूलों पर चलने की लोगों को सलाह दिया। वही सलातो सलाम का नजराना पेश किया गया उसके बाद मुल्क में अमन और शांति की दुआ मांगी गई।

**आज ही के दिन हुआ था जन्म :** इस्लाम धर्म में ईद मिलादुन्नबी त्यौहार का विशेष महत्व है। आज ही के दिन इस्लाम धर्म के आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मे हुआ था जिसके चलते आज नगर व आसपास के क्षेत्र में, ईद मिलादुन्नबी को त्यौहार के रुप में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

## बलिया में अनियंत्रित हो आलू लदी पिकअप पलटा, तीन लोग घायल

**बलिया।** जनपद के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के चांदनाला पुल के पास देवी स्थान के निकट गुरूवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे आलू लदी पिकअप पलटा गयी। जिससे पिकअप पर सवार तीन लोग घायल हो गये।



घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। बताते चले कि गाजीपुर से आलू लेकर पिकअप छपरा जा रही थी। इसी बीच चांनाला पुल के पास देवी स्थान के निकट असंतुलित होकर एनएच 31 सड़क पर पलट गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। जिसमें सवार चालक अभिषेक तिवारी 34 वर्ष, कन्हैया राम 25 वर्ष, निवासीगण मुहम्मदाबाद व दिनेश शर्मा 42 वर्ष निवासी सोनबरसा थाना कासिमाबाद गाजीपुर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों का एक निजी चिकित्सक के यहां प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को सड़क से हटवाया।

## खबरें फटाफट

### पति व परिजनों पर दहेज उत्पीड़न का केस

**बलिया।** बांसडीह कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को सुल्तानपुर गांव निवासी विवाहिता की तहरीर पर पति व अन्य परिजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व मारपीट का केस दर्ज किया है। पकड़ी थाना क्षेत्र के जगदरा गांव निवासी इन्द्रदेव की पुत्री पुष्पा की शादी सुल्तानपुर गांव के टोलापुर निवासी संजय के साथ हुई हैं। पुष्पा ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही पति संजय व अन्य परिजन बाइक, सिकड़ी व पचास हजार नगद की मांग कर रहे हैं। मांग पूरा नहीं करने पर हमेशा मारते पीटते हैं तथा घर से बाहर निकाल देते हैं तथा कहते हैं कि मैं तुझे नहीं रखूंगा। कोतवाल योगेन्द्र सिंह ने बताया कि पुष्पा की तहरीर पर संजय, पलाजू देवी, कलावती आदि के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### शिक्षक ने फांसी लगाकर दी जान

**बलिया।** नगरा थाना क्षेत्र के पालचंद्रहा स्थित एक निजी आईटीआई में बुधवार की रात शिक्षक ने आत्महत्या कर ली। आईटीआई परिसर में ही रहने वाले दीनबंधु साहू पुत्र भगवान साहू उम्र 45 वर्ष ग्राम परह राजपुर थाना सालेपुर, कटक उड़ीसा ने पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी। शिक्षक की मौत को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। गुरुवार की सुबह 8 बजे प्रबंधक की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। प्रबंधक अवधेश यादव ने बताया कि दीनबंधु छुट्टी पर घर गए थे। 24 सितंबर को ही वापस आये थे। बुधवार सामान्य ढंग से रहे। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा ने बताया कि मृत अध्यापक के स्वजन को बुलाया गया है।

### शराब की दुकानों पर छापा, मचा हड़कंप

**मऊ।** आजमगढ़ से मऊ जाते समय बुधवार देर रात जिला आबकारी अधिकारी अपनी टीम के साथ मोहम्मदाबाद गोहना कस्बे में स्थित अंग्रेजी एवं बियर की दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आबकारी अधिकारी मोहम्मद असलम ने कैलेंडर तिराहा स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान एवं तहसील कार्यालय निकट अंग्रेजी शराब की दुकान में स्टॉक रजिस्टर, सीसीटीवी फुटेज एवं अंग्रेजी शराब की बोतलों का क्यूआर कोड को बारीकी से जांचा एवं परखा। सेल्समैन को निर्देश दिया कि अवैध शराब तथा ओवर रेटिंग नहीं होनी चाहिए। कहीं किसी प्रकार की कोई शिकायत मिली तो कठोर कार्रवाई करते हुए लाइसेंस को निरस्त कर दिया जाएगा।

### कला प्रतियोगिता का आयोजन किया

**मऊ।** रोटरेक्ट क्लब प्राइड मऊ के द्वारा कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर शैक्षिक कीट का वितरण भी किया गया। रोटरेक्ट क्लब प्राइड मऊ द्वारा इंग्लिश माध्यम कम्पोजिट स्कूल ग्राम सुल्तानीपुर, रानीपुर मऊ में कक्षा 4 से 8 तक के छात्र और छात्राओं के लिए आयोजित कला प्रतियोगिता में 115 बच्चो ने भाग लिया, स्कूल में पहली बार आयोजित प्रतियोगिता से बच्चे काफी उत्साहित थे। कला प्रतियोगिता 4 ग्रुप में सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी ग्रुप में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं मेडल देकर उनको पुरस्कृत किया गया।

## पासवान पासी दलित सम्मेलन में पहुंचे लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बोला हमला

# राजद की सोच ही समाज को बांटने की है: चिराग पासवान

**केटी न्यूज/बलिया**

पासवान पासी दलित सम्मेलन में बलिया पहुंचे लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने गंगा बहुउद्देशीय सभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला। चिराग पासवान ने कहा कि अपने पिता की तरह ही समाज को जोड़ने और समाज की मुख्य धारा से वंचित लोगों को जोड़ने के लिए निकला हूँ।राम विलास पासवान के राजनीति पर गर्व करते हुए कहा कि छः प्रधानमंत्रियों के साथ रहते हुए उनपर कोई भ्रष्टाचार का आरोप नही लगा।

राजद के राज्य सभा सांसद मनोज झा द्वारा संसद में ठाकुर का कुआं कविता पढ़े जाने के बाद उठे विवाद पर कहा कि राजद की सोच ही समाज को बांटने की है।ये लोग समाज मे बंटवारा कर के ही अपने राजनैतिक हितों का साधने का काम करते हैं। वहीं कहा कि ये लोग जिस दल से आते हैं। वो पहले भी सनातन और राम चरित मानस पर विवादास्पद बयान दे चुके हैं।ताकि समाज में



- मेरे पिताजी पर कभी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा था

असंतोष की भावना उत्पन्न हो। क्योंकि इनकी राजनीति को शूट करता है। वहीं राजद एवं जदयू के बीच चल रही तनातनी पर कहा कि इस बार बिहार की 40 सीट पर एनडीए जीत दर्ज करेगी। जिसके लिए हम काम कर रहे हैं।साथ ही कहा कि जदयू में जिस तरह टूटन शुरू हो चुकी है। उनके एमएलसी उनका साथ छोड़ते जा रहे हैं। जब कि राजद के अंदर मनोज झा की कविता को लेकर विवाद चल रहा है।

**एक मंच एक दर्जन से ज्यादा प्रधानमंत्री पद के दावेदार दिखें :** अभी तक मनोज झा की कविता पर लालू प्रसाद यादव का बयान न आने पर कहा कि कई बार खामोश रहना भी मौन समर्थन ही होता है। ये स्पष्ट संदेश राजद ने दे दिया है। इंडिया गठबंधन को भानुमति का कुनबा बताते हुए कहा कि ये ऐसा गठबंधन है जो बनने से पहले टूट जाता है। 2014 और 2019 लोक सभा चुनाव से पहले भी ऐसी तस्वीरें देखने को मिली थीं। जब एक मंच एक दर्जन से ज्यादा प्रधानमंत्री पद के दावेदार दिखाई दें। ऐसे में ये गठबंधन एक साथ कैसे रह सकता है। कहा कि तथाकथित इंडिया गठबन्धन के घटक दलों के बीच व्यक्तिगत महत्वाकाक्षाएं इतनी ज्यादा हैं कि कुछ राजनैतिक दल तो एक दूसरे के प्यासे हैं। विपक्षी दलों के घटक अपनी महत्वाकांक्षाओं को तिलांजलि दें दें ऐसा हुआ भी नहीं है और हो भी नहीं सकता। चुनाव आते-आते और नोटिफिकेशन जारी होने तक इनकी राह अलग-अलग हो जायेगी।

वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कहां से चुनाव जीतें इस बात का वो प्रयास करते हैं। इस बार दो जगहों से चुनाव लड़ना उनको पता था कि अमेठी से चुनाव जीतेंगे नहीं।और वायनाड में भी तकलीफ बढ़ेगी। लिहाज किसी अन्य जगह की तलाश करें। महिला आरक्षण में ओबीसी को शामिल करने की मांग को जायज बताते हुए कहा कि उन्हें पीएम नरेन्द्र मोदी पर विश्वास है कि वो सभी मागों को पूरा करेंगे। क्योंकि देश की आधी आबादी को सम्मान देने का काम पीएम मोदी जी ने ही किया।

## फांसी लगा युवक ने की खुदकुशी

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के उभांव थाना के तेलमा गांव में देर रात पत्नी से बातकर रामप्रवेश राजभर 30 वर्ष अपने कमरे में पंखे से फांसी पर लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई। गुजरात से पत्नी ने ही घटना की सूचना ससुराल वालों को दी। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। पुलिस की मदद से उसका शव कमरे से बाहर निकाला गया। युवक अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे पर लटका था। बेड पर एक स्टूल पड़ा था। सुबह 7 बजे सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे उभांव इंस्पेक्टर राजीव कुमार मिश्र के निर्देश पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई



तेज कर दिया है।

बताया जा रहा है कि रामप्रवेश की शादी नवंबर 2022 में रिश्तेदारी में ही लव मैरेज को अरेंज मैरेज के रूप में धूमधाम से किया गया था। इधर पत्नी विदाई के बाद से ही अपने पिता और अन्य के साथ गुजरात में है। बुधवार की रात रामप्रवेश खाना खाकर अपने कमरे में चला गया। पति पत्नी के बीच मोबाइल पर किसी बात को लेकर पहले खूब बकझक हुआ। फिर फोन पर ही रामप्रवेश ने फांसी लगा कर आत्महत्या करने की जानकारी दी। हालांकि पत्नी ने उसे समझना चाहा। लेकिन बात नहीं बनी।






### सड़क हादसे में भाई व बहन की मौत

बलिया। बांसडीह थाना क्षेत्र के बेरूआरबारी मार्ग पर स्थित मैरीटार-कैथवली गांव के बीच बनरबगिया मोड़ के पास गुरूवार की शाम तेज रफ्तार वैगनार कार की टक्कर से एक बाइक पर सवार भाई-बहन की मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के मैरीटार गांव निवासी विजय शंकर का पुत्र आदित्य उर्फ गणेश अपनी बहन खुशबू को बेरूआरबारी की ओर से बाइक पर लेकर अपने गांव मैरीटार जा रहा था। इसी बीच बनरबगिया मोड़ के पास मैरीटार की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार वैगनार कार ने आदित्य की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे आदित्य व उसकी बहन खुशबू दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस के सहयोग से घायलों को बांसडीह पीएचसी ले जाया गया। जहां आदित्य की मौत हो गयी। जबकि गंभीर स्थिति को देख खुशबू को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान खुशबु की भी मौत हो गयी।

## अमर शहीद भगत सिंह आज भी दिलों में जिंदा हैं: शमीम खान

**केटी न्यूज/बलिया**

अमर शहीद भगत सिंह की जयंती गुरुवार को एआईएमआईएम पार्टी द्वारा अखार गांव स्थित कैंप कार्यालय में मनाई गई। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सभी पदाधिकारी ने उनके आदर्शो पर चलने की शपथ ली।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि शहीद भगत सिंह उस महान शख्सियत का नाम है, जिसका नाम सुनकर भ्रष्टाचारी, दमनकारी और विभाजनकारी अंग्रेज सरकार की नींद उड़ जाती थी, जिस उम्र में नौजवान अपनी जिंदगी के हसीन सपने बुनते हैं, उस उम्र में भगत सिंह ने देश के लिए अपने जान की कुबार्नी दी, जो आज के युवाओं के लिए आदर्श है। शहीद भगत सिंह आज भी नौजवानों और देशवासियों के दिलों में जिंदा है। इस



अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता,जिला महासचिव महताब आलम, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी अनीस अहमद, विधानसभा प्रभारी रसड़ा मुराद अहमद, विधानसभा प्रभारी सदर वकील अहमद सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी व संचालन जिला सचिव दीपक यादव ने किया।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव के खेत में सिंचाई करने गए किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बुधवार की देर शाम खाना खाने के बाद सिंहपुर निवासी संतोष कुमार सिंह (50 वर्षीय) खेत में सिंचाई करने की बात कह कर घर से निकले। जब वह गुरुवार की सुबह तक घर नहीं पहुंचे तो परिजन खोजबीन करने लगे। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसी बीच किसी ने सूचना दिया कि खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। शव की शिनाख्त संतोष कुमार सिंह के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि किसानों द्वारा फसलों की जंगली सुअरों से सुरक्षा के लिए खेतो के चारो तरफ तार लगा कर विद्युत करंट प्रवाहित किया गया है। आशंका व्यक्त की जा रही है प्रवाहित करंट की चपेट में आने से संतोष कुमार सिंह उर्फ बेचू की मौके पर ही मौत हो गई होगी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सात दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण का हुआ उद्घाटन

# देश को परम वैभव पर ले जाना हमारा लक्ष्य: प्रांत प्रचारक

**केटी न्यूज/मऊ**

भारत राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए समाज के बीच रहकर समाज के योगदान से निरंतर कार्य करने के लिए कृत संकल्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक ही लक्ष्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वयंसेवक आजीवन राष्ट्र हित व राष्ट्र सेवा के लिए चित्र संकल्पित होता है ऐसे में इस पुनीत कार्य के लिए हम सबको का लगना एक सुंदर सुयोग होता है। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सात दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग का बुधवार की शाम को उद्घाटन करते प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुभाष जी ने प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा। जनपद



के बडराव ब्लाक अंतर्गत एचएमपीजी कॉलेज में आयोजित इस साथ दिवस की प्रशिक्षण शिविर में मऊ जनपद के 150 से अधिक स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें विद्यार्थी, शिक्षक, किसान, पत्रकार, चिकित्सक व समाज के अन्य वर्गों के लोग शामिल हैं।

प्रशिक्षण सिविर के उद्घाटन सत्र में गोरक्ष प्रांत प्रचारक सुभाष जी ने दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार जी का जीवन परिचय देते हुए उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। जिला प्रचारक राममोहन जी ने बताया कि यह शिक्षार्थी समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए हैं। जो भारत राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए प्रशिक्षण के उपरांत समाज के बीच रहकर संघ के कार्य को गति प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि इस सात दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण वर्ग में छात्रों को संघ के मूल अवधारणाओं, शिक्षा के महत्व, राष्ट्रीय संगठन और राष्ट्रीय एकता के विषयों पर ज्ञान प्राप्त कराया जाता है। इस वर्ष का मुख्य उद्देश्य छात्रों को संघ के सिद्धांतों और मूल्यों के साथ परिचित कराना होता है। इस अवसर पर जिलाकार्यवाह विनोद जी, सह जिला कार्यवाह वीरेंद्र जी, शारीरिक प्रमुख आनंद जी, नगर प्रचारक आर्यम जी और रामकुंवर जी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




## खबरें फटाफट

### फरार पशु तस्कर के खिलाफ हुई कार्रवाई

**गाजीपुर।** रामपुर मांझा थाने के पैकवली चौकी इंचार्ज ने लंबे समय से फरार चल रहे सादात थाना क्षेत्र के दलीपराय पट्टी निवासी पशु तस्कर के घर और गांव में डुगडुगी पीटवाकर नोटिस चस्पा की। यह कार्रवाई धारा 82 के तहत की गई। चौकी इंचार्ज संजय सरोज ने बताया कि आरोपी दीपक यादव पुत्र स्व. सर्वजीत यादव पर पशु तस्करी के आरोप में रामपुर मांझा थाने में मुकदमा दर्ज था। इससे उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया। फिर भी हाजिर न होने पर उसके खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई करने की नोटिस जारी की। जिसके बाद चौकी इंचार्ज ने हेड कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार रत्ना, कांस्टेबल शिवम गौतम, शिवप्रकाश यादव व महिला कांस्टेबल शांति देवी को साथ लेकर आरोपी के घर पहुंचे। वहां गांव में डुगडुगी पिटवाकर मुनादी कराई और उसके घर पर नोटिस चस्पा की। कहा कि इसके बाद भी आरोपी हाजिर नहीं हुआ तो घर की कुर्की भी की जाएगी।

### अकीदत के साथ मनाई जश्ने ईद मिलादुन्नबी

**गाजीपुर।** जनपद के सातों तहसीलों एवं खासकर जखनियां तहसील मुख्यालय के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में अलीपुर मदरा, दामोदरपुर, कनुवान, गौरा खास, भुडकुडा, मुडियारी सहित क्षेत्र के तमाम कस्बे शादियाबाद, बहरियाबाद दुल्लहपुर जलालाबाद क्षेत्र में बड़े ही अकीदत तथा हर्षोल्लास के साथ हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलेही वसल्लम की शान में जुलूस के साथ-साथ ईद मिलाद उन नबी का जगह-जगह प्रोग्राम किया गया। इस अवसर पर लोगों के बीच मिष्ठान वितरण किया गया। साथ ही गरीबों को खाना खिलाया गया। बताते चलें कि बारावफात या फिर जिसे मीलाद उन नबी के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन इस्लाम मजहब का एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि इसी दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। साथ ही इसी तारीख को उनका देहांत भी हुआ था।

### वाहन नीलामी से बंपर राजस्व की आमदनी

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना परिसर में सड़ रही कबाड़ वाहनों की नीलामी से पांच लाख 20 हजार रुपये का मिला राजस्व। उच्चाधिकारियों ने थाना पुलिस को दिया शाबासी। 21 सितंबर को आरटीओ विभाग की टीम सीओ मुहम्मदाबाद तहसीलदार की मौजूदगी में 21 सितंबर को 41 दोपहिया व छह चारपहिया वाहनों की नीलामी हुई। नीलामी में जुटे कबाड़ वाहनों की बोली लगाने के दौरान मुकाबला हो जाने के कारण कबाड़ गाडियों का रेट दस गुना तक चढ़ जाने के कारण राजस्व की भारी इजाफा हो गया है। बंपर राजस्व की जानकारी होने पर डीआईजी वाराणसी ने करीमुद्दीनपुर पुलिस को फोन कर सराहा।

### गोवध व पशु क्रुरता अधिनियम में 5 धराए

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना मऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंदी कला में ईद उल मिलादुन्नबी पर्व को लेकर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी हुई थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गुफरान निवासी कटेहरी थाना मोहम्मदाबाद गोहाना के घर में छापेमारी की। जहां पाया कि अवैध तरीके से स्कॉर्पियो गाड़ी से गोवंशियों को लाकर घर के अंदर क्रूरता पूर्वक मारकर उनकी हत्या कर मांस को स्कॉर्पियो के माध्यम से बाहर भेजते थे। पुलिस ने मौके पर बरामद दो राशि बछड़े, उनका पदार्थ 100 किग्रा हड्डी मांस का लोथड़ा, दो अदद लोहे का चपड़, दो चाकू, इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद कर पुलिस ने पांच नामजद एवं छह अन्य के विरुद्ध गोवर्ध निवारण अधिनियम एवं 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने न्यायालय चालान किया। टीम में पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह देखरेख में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी व अन्य शामिल रहे।

## जिला मुख्यालय के निर्माण व विकास की गति तेज करने की उठी मांग

**केटी न्यूज/चंदौली**



जिला न्यायालय एवं जिला मुख्यालय निर्माण का आंदोलन अनवरत 76वें दिन गुरुवार को भी जारी रहा। इस दौरान सर्वप्रथम अधिवक्ताओं ने राष्ट्रगान के बाद चंदौली कचहरी परिसर का चक्रमण किया और चंदौली के जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ता विनोद कुमार गुप्ता के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त की गई। साथ ही जिला न्यायालय व जिला मुख्यालय के निर्माण व विकास को तीव्रगति से पूरा किए जाने की पुरजोर मांग की। सिविल बार उपाध्यक्ष प्रवीण तिवारी ने कहा कि आज अधिवक्ताओं की पदयात्रा लखनऊ से आगे के लिए चल चुकी है। अधिवक्ताओं का यह आंदोलन चंदौली के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। आह्वान किया कि चंदौली की जनता अधिवक्ताओं के हौसले व उत्साह को बढ़ाने के लिए पदयात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है।

इस दौरान रामकृत राम ने कहा कि अधिवक्ता चंदौली के विकास व उसके अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। ऐसे में आमजन को भी इस आंदोलन का हिस्सा बनकर उसे सफल बनाने के लिए आगे आना चाहिए। क्योंकि चंदौली का विकास जन-जन का विकास है। कहा कि प्रशासनिक व राजनीतिक उपेक्षा व शिथिलता के कारण चंदौली को विकास से दूर रखा गया। तमाम प्रयास व संघर्ष के बावजूद राजनेता व अधिकारी स्थानीय जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। हिटलर सिंह ने कहा कि यह आंदोलन अंतिम परिणाम तक लड़ा जाएगा। जब तक यहां जिला न्यायालय निर्माण के लिए भूमिपूजन नहीं किया जाता, तब तक अधिवक्ता आंदोलित रहेंगे। न्यायालय विहीन जिला होने के कारण चंदौली के लोगों को न्याय समय से नहीं मिल पा रहा है। मानक विहीन भवनों व कमरों में न्यायालयों को संचालित किया जा रहा है, जिसमें न्यायिक अधिकारियों को कठिनाइयों व समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को दूर करने के लिए अधिवक्ता लामबंद व आंदोलित हैं।

### जखनियां ग्राम सचिवालय पंचायत भवन का भव्य उद्घाटन, बोले राज्यपाल...

## पीएम के नेतृत्व में देश की छवि हुई मजबूत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




जखनियां ग्राम सचिवालय पंचायत भवन का भव्य एवं दिव्य उद्घाटन विकास पुरुष महामहिम उपराज्यपाल जम्मू -कश्मीर मनोज सिन्हा के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। मनोज सिन्हा का जखनियां कार्यक्रम में आगमन पर उनका स्वागत पुष्प वर्षा करके ग्रामवासियों ने किया। उधर ग्राम प्रधान नंदलाल गुप्ता, कार्यक्रम का आयोजक अशोक गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत भारत स्तंभ स्मृति चिन्ह और साल भेंट करके किया।

जनपद के सारे व्यापारियों की तरफ से भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने मनोज सिन्हा को भगवान शंकर की नटराज मूर्ति सप्रेम भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मनोज सिन्हा ने कहा कि आज का भारत नरेंद्र की मोदी के नेतृत्व में बदलता भारत है, संवरता भारत है। जी-20 का सम्मेलन इसका साक्षात प्रमाण है। मनोज सिन्हा ने कहा 2014 से देश में बहुत ही परिवर्तन हुआ है।

■ **बोले राज्यपाल- आज का भारत नरेंद्र की मोदी के नेतृत्व में बदलता भारत है, संवरता भारत है**

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में बहुत बड़ा बदलाव हुआ है।

#### लोग शाम से लाल चौक पर तिरंगा भी फराते हैं

कश्मीर जिसके लिए पहले जाना जाता था अब पुनः वही रौनक लौट आई है। अब लोग शाम से लाल चौक पर तिरंगा भी फराते हैं और झेलम नदी के किनारे बने रिवरफ्रंट पार्कों में बैठकर आइसक्रीम भी खाते हैं। जम्मू कश्मीर में नई नीतियों के कारण रिकॉर्ड पर्यटक घूमने आये। सिन्हा ने कहा भारत की नई शिक्षा नीति देश में नया परिवर्तन लाएगी। आज अपना भारत विश्व के सबसे शक्तिशाली आर्थिक देश में शुमार है। मोदी के नेतृत्व में भारत की नई पहचान बनी है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से आग्रह किया यह भारत इसी तरह सामरिक, आर्थिक औद्योगिक रूप विकसित होता रहे, आगे बढ़ता रहे, इसके लिए आप लोगों का सहयोग बहुत जरूरी है, और इसकी शुरूआत जखनिया से होनी चाहिए। उन्होंने भावुक होकर कहा हम भले जम्मू कश्मीर में रहते हैं लेकिन हमारा दिल हमेशा गाजीपुर के लोगों के लिए धड़कता रहता है। उन्होंने कहा ₹देश रहे परदेस रहे लेकिन राऊरे कहिबे राऊरे कहिबे₹ मनोज सिन्हा जखनिया में लोगो द्वारा पाए सम्मान से बहुत अभिभूत दिखे। उनके द्वारा रामराज वनवासी सहित जखनिया के विविध पदों पर आसीन कर्मचारियों, शिक्षक, डॉक्टर, भूतपूर्व सैनिक एवं अन्य सम्मानित लोगों एवं देश के चौथे स्तंभ पत्रकार बंधुओं का भी अंगवस्त्र देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष सुनील सिंह लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय, पूर्व प्रदेश मंत्री रामतेज पांडेय, पूर्व प्रत्याशी रामराज वनवासी, सरोज कुशवाहा, विपिन सिंह, संजीव गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधानसभा संयोजक मुराहू राजभर, बीडीओ त्रिवेणी राम, सचिव गौरव सिंह, कृषि विभाग की हेमलता, व्यापार उद्योग के अबुफकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, दयाशंकर सिंह, धर्मवीर राजभर, पीयूष सिंह, पूरेंदु त्रिपाठी, कैलाश वर्मा, धर्मेंद्र चौरसिया, सुदामा यादव, वीरेंद्र पांडेय, संतोष कुशवाहा, कमलेश यादव, लोकगीत कलाकार मुद्रीका, जितेंद्र सिंह, रामदरस कुशवाह, संतोष जायसवाल, प्रशांत सिंह, विजय गुप्ता, मुकेश गुप्ता, हीरा मौर्य, जितेंद्र यादव, मुकेश वर्मा, अजीत सिंह, लाल जी गोंड़ सहित भारी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने किया।

## बबुरी क्षेत्र में शत प्रतिशत पानी का कनेक्शन करें: जिलाधिकारी



**केटी न्यूल/चंदौली**

बबुरी क्षेत्र के ग्राम सभा मवैया में जल जीवन मिशन अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पम्प हाउस का कार्य लगभग पूरा पाया गया। पानी टंकी का निर्माण कार्य स्लैब लेबल तक पाया गया। जिलाधिकारी ने ग्राम मवाईयां में जा कर ग्रामीणों से बातचीत करते हुवे पानी के कनेक्शन का जायजा लिया। जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई।जिलाधिकारी ग्राम प्रधान से ग्रामीणों को जागृत करते हुवे शत प्रतिशत पानी के कनेक्शन करवाने के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा बिजली के पोल के टूटने की शिकायत प्राप्त हुई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल अधिशासी अभियंता विद्युत को फोन के माध्यम से जल्द ठीक करने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि पानी टंकी का कार्य और पानी के कनेक्शन का कार्य जल्द ही पूर्ण कर पानी की सप्लाई प्रारम्भ कर दी जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि मानक के अनुरूप कार्य कराया जाय काम की प्रगति अच्छी रखते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए।

## गांधी, शास्त्री जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने की बनी नीति

**चंदौली।** राष्ट्रीय कृषक दल, राष्ट्रीय उदय पार्टी,जय भारत समानता दल, राष्ट्रीय अशोक सेना,अपनी पार्टी के कार्यकताओं को पदाधिकारी की बैठक बृहस्पतिवार को सदर विकासखंड के बिछिया गांव में हुई।इसमें 2 अक्टूबर महात्मा गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर हरी बलभपुर वाराणसी रिंग रोड पर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस कार्यक्रम में राष्ट्र उदय पार्टी के अध्यक्ष बाबूराम पाल, राष्ट्रीय कृषक दल के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद यादव,जय भारत समानता दल के अध्यक्ष हेमंत कुशवाह, राष्ट्रीय अशोक सेना के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुशवाहा, अपनी पार्टी के अध्यक्ष प्रोफेसर शिवराम सिंह चौहान ,किसान न्याय मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम अहमद मिल्की सहित तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसे सफल बनाने के लिए कार्यकताओं पदाधिकारी को अभी से गांव-गांव जाकर किसानों को नौजवानों को सम्मेलन में शामिल करने के लिए आह्वान करना होगा।

## भारत की आजादी के जनता और मजदूरों की मुक्ति का एजेंडा आज भी है अधूरा



**केटी न्यूज/चंदौली**

इलिया स्थित भगत सिंह विचार मंच के तत्वावधान में शहीद ए आजम भगत सिंह की 116वीं जयंती हडौरा गांव स्थित काली माता मंदिर परिसर में गुरुवार को मनाई गई। भगत सिंह के सपनों का भारत विषय पर आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ भीमराव आंबेडकर तथा संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर उनको नमन करने के साथ किया गया।

श्याम बिहारी सिंह ने कहा कि भगत सिंह का 116 वां जन्मदिवस ऐसे अवसर पर मनाया जा रहा है जब विश्व स्थायी महामंदी में फंसकर तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा है। देश में शासन की पद्धति का फासिस्टीकरण हो रहा है। देश की आजादी के तहत जनता की मुक्ति और मजदूरों की मुक्ति का एजेंट आज भी अधूरा है, जिसका समाधान कम्युनिस्ट पार्टी और मजदूर वर्ग के नेतृत्व में व्यापक भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत की अर्थव्यवस्था और राजनीति को मुक्त करने से ही संभव है। गोष्ठी को आईपीएफ के प्रदेश अध्यक्ष सूर्यनाथ सिंह, बाल गोविंद सिंह, मंतोष सिंह, देवेंद्र दुबे, नंदलाल, कृष्णा राय, अखिलेश दुबे, अजय राय, रामअवध सिंह, मुसे मोहम्मद जानी, शुभम प्रजापति आदि ने संबोधित किया।

### आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने को लेकर एसपी ने की बैठक, दी चेतावनी

## मामलों का निस्तारण नहीं होने पर नपेंगे थाना प्रभारी

**केटी न्यूज/चंदौली**



पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बुधवार की रात आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने को लेकर तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने आइजीआरएस व जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के डिफाल्टर से पूर्व की स्थिति में समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सभी संबंधित को सख्त निर्देश दिए गए। कहा कि लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों व पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रकरण अत्यंत महत्वपूर्ण व शासन से सम्बंधित है। प्राप्त शिकायतों का अलग से रजिस्टर बनाकर उस पर अंकित किया जाए।

उन्होंने कहा कि टॉप टेन सूची में शामिल अभियुक्तों की सतत निगरानी व उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही व पर्वों के दौरान संवेदनशीलता के दृष्टिगत छोटी-छोटी घटनाओं पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु हिदायत दिया गया। लुटेरे, अवैध शराब व पशु तस्करों आदि पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी सतत निगरानी व सत्यापन करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। कहा कि अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र के तहत ग्राम पंचायत एवं व्यापारी बन्धुओं व प्रतिष्ठान मालिकों, समाजसेवियों व अन्य लोगों से संग वार्ता कर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित कराया जाएं। कहा कि आपरेशन कन्विक्सन के तहत अभियोजन व मॉनिटरिंग सेल द्वारा समन्वय बना प्रभावी पैरवी कर दिलाई जाए अधिकतम व अविलंब सजा। कहा कि मिशन शक्ति अभियान के क्रम में महिला बीट अधिकारी द्वारा सार्वजनिक स्थानों, कस्बों व गांवों में चौपाल लगा तथा स्कूल व कालेजों में जाकर उन्हें जागरूक करें। उनकी हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराया जाए। एंटी रोमियो टीमों द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए मनचलों व अराजकतत्वों पर नजर रखी जाए। ऐसे लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए।

## आईएमईआई 5.0 को लेकर तहसील स्तरीय बैठक

**गाजीपुर।** स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आगामी अक्टूबर माह में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के साथ ही आईएमआई 5.0 चलना है। जिसे लेकर सभी तहसीलों में तहसील स्तरीय बैठक की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को मोहम्दाबाद तहसील की बैठक तहसीलदार मोहम्मदाबाद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। जिससे आगामी माह में संचालित होने वाले कार्यक्रम के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त किया जा सके। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद के अधीक्षक डॉ आशीष कुमार राय ने बताया कि आगामी तीन से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जिसमें 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान भी शामिल है, चलना है। इसी कार्यक्रम को लेकर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को लक्षणयुक्त व्यक्तियों को नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाकर जांच कराना सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### पुरस्कृत किए गए राजभाषा सप्ताह के विजेता



**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) में चल रहे राजभाषा सप्ताह - 2023 का गुरुवार को समापन हुआ। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समापन कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। समापन कार्यक्रम में हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु तथा राजभाषा सप्ताह के दौरान मंडल में आयोजित विभिन्न निबंध लेखन, टिप्पण लेखन, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गए। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा कुल 19 अधिकारियों तथा 32 कर्मियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा मंडल रेल प्रबंधक द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की राजभाषा पत्रिका 'रेल मुक्ता' के अद्यतन अंक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा पुरस्कृत होने वाले रेलकर्मियों को बधाई दी गई। सभी से अपने कार्य में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया गया तथा आपसी सहयोग एवं प्रेरणा से हिंदी में हो रहे बढ़िया कार्य में आगे प्रदर्शन और बेहतर होने की आशा व्यक्त की गई।

### ईद मिलादुन्नबी: मुस्लिम बंधुओं ने निकाला जुलूस




**चंदौली।** मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गुरुवार को ईद मिलादुन्नबी का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस दौरान जनपद के मुस्लिम इलाकों को झंडे आदि से सजाया गया था। साथ ही मुस्लिम बंधुओं द्वारा जुलूस निकालकर अपने नबी को याद किया गया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर गुरुवार को भारी संख्या में मुस्लिम बंधुओं ने जुलूस निकाला। इस दौरान जुलूस में शामिल लोग नात पढ़ते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। उक्त जुलूस वापस शाही मस्जिद के पास आकर समाप्त हुआ। इसके अलावा मुस्लिम बंधुओं ने मस्जिद में अकीदत के साथ नमाज अदा की और देश में अमन चैन कायम रखने के लिए दुआ मांगी। कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम बंधुओं ने जलूस में शामिल लोगों के लिए जगह-जगह मीठा, फल व पानी आदि की व्यवस्था की गई थी। मुस्लिम बंधुओं ने बताया कि ईद-ए-मिलाद को बारावफात के नाम से जाना जाता है। जो 12 रबी-उल-अव्वल की तारीख को पड़ने वाला यह त्योहार मुस्लिम समुदाय के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस दिन पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। उनके याद व सम्मान में जुलूस निकाला जाता है और जगह-जगह बड़े आयोजन भी किए जाते हैं। इस दौरान जुलूस में हाफिज आफताब, हनीफ, सब्बीर अंसारी, शादाब वफा, सैय्यद अली अंसारी, शमशेर खान, नईम अंसारी, असलम, गुड्डू अंसारी, कलीम फारूखी, मुसद्दीक अंसारी, सादिक रजा नूरानी आदि मौजूद रहे।

### धू-धू कर जल गया ट्रांसफॉर्मर, लोगों में आक्रोश



**चंदौली।** क्षेत्र के ग्राम सभा धरौली में 25 केवी का ट्रांसफार्मर पांच दिन पहले जल गया। बड़ी मशक्कत के बाद दूसरा ट्रांसफार्मर लगा, जो बीते मंगलवार की सुबह धू-धूकर दूसरा ट्रांसफार्मर भी जल गया। ग्रामीणों ने लाइनमैन को फोन करके बुलाया, जिसे चेक किया गया तो पता चला कि ट्रांसफार्मर जल गया है जिससे घरेलू कनेक्शन धारी नाराज दिखे। बताते हैं कि 25 केवी का ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने के चलते पांच दिन में दूसरी बार ट्रांसफार्मर वहीं 3 महीने के अंदर तीसरी बार ट्रांसफार्मर जल चुका है जिससे ग्रामीणों ने लगातार ट्रांसफार्मर की क्षमता 63 केवीए करने की मांग उठाई जो अभी तक नहीं किया गया जिससे ग्राम सभा में करीब 150 घर अंधेरे में मोमबत्ती के सहारे जीवन यापन करने को मजबूर है। ग्रामीणों ने लगातार ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग कर रहे हैं जिससे कि ग्रामीणों को सहूलियत मिल सके और विद्युत आपूर्ति बाधित न हो लेकिन बार-बार शिकायत करने पर अभी तक क्षमता नहीं बढ़ाया गया जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों ने 25 केवी के बदले 63 केवी का ट्रांसफार्मर जल्द से जल्द लगाने की मांग की। वही ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत ऑनलाइन दर्ज 1912 पर दी गई है। मौके पर अजय सिंह, पिंटू मिश्रा, सोनू सिंह, रविशंकर तिवारी, चितरंजन सिंह, मानशंकर सिंह, श्रवण आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### माता महाकाली मंदिर में विशेष हवन का आयोजन



**गाजीपुर।** यूसुफपुर स्थित माता महाकाली मंदिर परिसर में बुधवार की रात में माता महाकाली का विशेष हवन-पूजन तथा माता रानी का भव्य श्रृंगार किया गया। हर महीने की भांति इस महीने भी माता रानी के दरबार में माता रानी का हवन- पूजन तथा श्रृंगार वह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय लोकगीत कलाकारों द्वारा भजन -कीर्तन का भी आयोजन किया गया। जिसमें गायक डॉ. अशोक शर्मा, सुरेंद्र सिंह यादव, मुन्ना शर्मा, राजेंद्र शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। डॉक्टर अशोक शर्मा ने निमिया के डार मैया झुलेली झुलनवा का गीत सुनकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उधर पंडित छांगुर प्रसाद तिवारी द्वारा विश्व के कल्याण के लिए हर महीने की भांति इस महीने भी विशेष हवन -पूजन किया गया। माता रानी के दरबार में देर रात तक भंडारे का कार्यक्रम चला। जिसमें क्षेत्रीय महिलाओं ने भाग लिया। दूर से आए श्रद्धालु भक्तों ने माता रानी के दरबार में नारियल चुनरी चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की।